

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शुक्रवार, 16 जनवरी 2026 ■ माघ कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-288 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 जनवरी 2026 ■ मूल्य 2.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

# हाइवा ने बाइक सवारों को रौंदा पिता-पुत्र समेत 3 लोगों की मौत

## आरंग थाना इलाके के पारागांव के पास हुई घटना

**आरंग, 16 जनवरी।** नेशनल हाईवे 53 में हाइवा मौत बनकर दौड़ी है. हाइवा ने बाइक को सामने से टक्कर मारी, जिससे पिता-पुत्र समेत 3 लोग चक्के के नीचे आ गए. भारी वाहन ने उन्हें कुछ दूर तक घटीसा. सड़क पर शवों के टुकड़े बिखर गए हैं. यह दर्दनाक हादसा शुक्रवार की सुबह आरंग थाना इलाके के पारागांव में हुई है.

जानकारी के मुताबिक, पारागांव में प्लेटिना पर तीनों आज एक साथ बाइक से महानदी में मछली पकड़ने के लिए जा रहे थे. इसी दौरान मूरूम से भरे हाइवा ने विपरित दिशा से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. बाइक सवार चक्के के नीचे आ गए. हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई. इन्में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई है. मृतकों की पहचान, मंगलू जलक्षत्री (28 साल), उसके बेटे तिलक जलक्षत्री (6 साल) और श्रवण जलक्षत्री (40 साल) के रूप में हुई है. सभी मृतक आरंग के बागेश्वर पारा के निवासी बताए जा रहे हैं. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. हालांकि इससे पहले ही वाहन चालक मौके से फरार हो गया. फिलहाल पुलिस वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुटी है.

## टाटा मैजिक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, आरएसएस नेता की मौत



**जगदलपुर, 16 जनवरी।** बस्तर जिले में तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक बार फिर जान ले ली है। शुक्रवार को जगदलपुर-चित्रकोट मार्ग पर टाकरागुड़ा के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार टाटा मैजिक वाहन ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में आरएसएस बस्तर संभाग के विभाग संघचालक सुकालु राम बघेल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चार अन्य लोग घायल हुए हैं। हादसा बड़ांजी थाना क्षेत्र में हुआ, जहां टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं टाटा मैजिक वाहन में सवार दो अन्य लोग भी हादसे में चोटिल हुए हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और लापरवाही बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वाहन चालक से पूछताछ की जा रही है।

### पीसीसी चीफ दीपक बैज का विवादित बयान

# बीजेपी सरकार में 14 मंत्री मुसवा हैं, 2028 में करेंगे बेनकाब

**रायपुर, 16 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी पर सियासत गरमाई हुई है। इस मुद्दे पर आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का विवादित बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि, बीजेपी सरकार में 14 मंत्री मुसवा हैं। इन्हीं सब लोगों ने धान को खाया है। 2028 में इन सभी को बेनकाब करना है। बैज ने कहा, धान और जल, जंगल, जमीन खाने वाले 14 मुसवा को समाप्त करना है। फिर से हमें कांग्रेस की सरकार बनाना है। गांव-गांव, गली-गली जाकर हमें इन मूसवा के कामों के बारे में लोगों को बताएंगे।



## मनरेगा बचाओ संग्राम : चंदखुरी से की पदयात्रा की शुरुआत

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आज कांग्रेस ने चंदखुरी से विधानसभा चौक तक पदयात्रा की शुरुआत की है, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री शिव डहरिया समेत कई नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए हैं। माता कौशल्या के दर्शन के बाद यात्रा की शुरुआत की गई है। पदयात्रा का समापन पुराने विधानसभा चौक पर होगा।

### PICTURE-स्टोरी



रायपुर में 23 जनवरी को होने वाले भारत-न्यूजीलैंड टी-20 मैच के लिए टिकट लेने इंडोर स्टेडियम में विद्यार्थियों की उमड़ी भीड़।

# हमने युवाओं को खुला आसमान दिया : मोदी

**नई दिल्ली, 16 जनवरी।** राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार्टअप इंडिया मिशन के 10 वर्षों को एक क्रांति बताया, जिसने देश की सोच को बदला है। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा अब वास्तविक समस्याओं का समाधान कर रहे हैं, जिससे भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस और स्टार्टअप इंडिया के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नेशनल स्टार्टअप डे का ये अवसर, स्टार्टअप फाउंडर्स और इनोवेटर्स का ये समूह, मैं अपने सामने नए और विकसित होते भारत का भविष्य देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि पहले स्टार्टअप को अक्सर असफलता का रास्ता माना जाता था। आज हम विज्ञान भवन में होने वाली सभाओं से आगे बढ़कर भारत मंडपम में खचाखच भरे हॉल तक पहुँच चुके हैं। मुझे खुद को भाग्यशाली मानता हूँ कि मुझे एक ही सप्ताह में दूसरी बार युवाओं से बातचीत करने का अवसर मिला है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज से 10 साल पहले, विज्ञान भवन में 500-700 नौजवानों के बीच इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी। उस समय स्टार्टअप की दुनिया में जो नए-नए लोग आ रहे थे, उनके अनुभव मैं सुन रहा था और मुझे याद है एक बेटी, जो कॉरपोरेट वर्ल्ड से अपनी नौकरी छोड़कर स्टार्टअप की तरफ जा रही थी। नौकरी छोड़कर वो कोलकाता अपनी मां से मिलने गई और मां से कहा कि मैंने नौकरी छोड़ दी है और मैं स्टार्ट करना चाहती हूं। फिर उसकी मां ने कहा, सर्वनाशज तुम बर्बादी की राह पर क्यों जा रही हो! स्टार्टअप को लेकर ये सोच हमारे देश में थी और आज हम कहां से कहां पहुंच गए, विज्ञान भवन से भारत मंडपम तक, जहां जगह नहीं है।

# जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पास फिर दिखे संदिग्ध ड्रोन

**श्रीनगर, 16 जनवरी।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोनों की सक्रियता के बाद सुरक्षा बलों ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है. साथ ही सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर और पुंछ के देगवार गांव में संदिग्ध ड्रोन देखे जाने के बाद सेना ने तलाशी अभियान शुरू किया है. सुरक्षा एजेंसियां सीमा पार से होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रख रही हैं. पिछले पांच दिनों में ड्रोन दिखने की यह तीसरी घटना है। इससे पहले, 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में दो बार संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए थे। इसके बाद सेना ने फायरिंग की थी। फायरिंग के बाद ड्रोन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की ओर लौट गए थे।

सेना के सूत्रों के मुताबिक, यह ड्रोन नियमित निगरानी के दौरान नजर आए। पुंछ में स्पष्ट पर पोस्ट के पास एक ड्रोन देखा गया। इसी तरह, रामगढ़ सेक्टर में इंटरनेशनल बॉर्डर पर एक और ड्रोन देखा गया। पाकिस्तान से लगी बॉर्डर पर सैनिक हाई अलर्ट पर हैं।

**» सेना ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन, इलाके में हाई अलर्ट**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ और सांबा जिलों में गुरुवार शाम को रामगढ़ सेक्टर में लाइन ऑफ कंट्रोल पर पाकिस्तानी ड्रोन मंडराते देखे गए। इसके बाद सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अपने एंटी-अनमैन्ड एरियल सिस्टम को एक्टिवेट कर दिया। पहले 9 जनवरी को सांबा में आईबी के पास घगवाल के पालूरा गांव में हथियार की खेप मिली थी, जिसे पाकिस्तान से आए ड्रोन ने गिराया था। इसमें 2 पिस्तौल, तीन मैगजीन, 16 राउंड और एक ग्रेनेड शामिल था। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए घुसपैठ या हथियार-नशीले पदार्थ गिराने की कोशिश की जा सकती है।

# विवादित जमीन का 64 लाख में किया सौदा, कांग्रेस नेता पर एफआईआर

**बिलासपुर, 16 जनवरी।** छत्तीसगढ़ की न्यायधानी से जमीन के नाम पर 64 लाख रुपये की बड़ी ठगी का मामला सामने आया है. श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित भूमि को लेकर गलत जानकारी देकर सौदा कराने और बाद में रकम हड़पने के आरोप में पुलिस ने कांग्रेस नेता ज्ञान सिंह गिल, नागेन्द्र राय और टाकेश्वर पाटले के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार, गोंड़पारा निवासी पंकज भोजवानी ने थाना सिविल लाइन में शिकायत दर्ज कराई है. शकायत के अनुसार, वर्ष 2023 में टाकेश्वर पाटले के माध्यम से पंकज की मुलाकात नागेन्द्र राय से हुई, जिसने खुद को राजनीतिक प्रभाव वाला व्यक्ति बताते हुए श्रीकांत वर्मा मार्ग पर स्थित एक जमीन का सौदा कराने का प्रस्ताव रखा. इसके बाद उन्हें ज्ञान सिंह गिल के घर ले जाया गया, उक्त जमीन उनकी पत्नी हरजिंदर कौर के नाम पर दर्ज है. आरोप है कि नागेन्द्र राय और टाकेश्वर पाटले की मध्यस्थता में जमीन का सौदा तीन करोड़ रुपये में तय हुआ. इसके तहत 23 फरवरी 2023 को प्रार्थी ने आरटीजीएस के माध्यम से हरजिंदर कौर के खाते में 50 लाख ट्रांसफर किए. वहीं, दस्तावेज तैयार कराने और सौदा पक्का कराने के नाम पर 10 लाख रुपये नागेन्द्र राय के कहने पर दीपाली एसोसिएट्स के खाते में जमा कराए गए.

### पहले से विवादित जमीन का कराया सौदा

प्रार्थी के अनुसार, जिस जमीन का सौदा कराया गया, वह पहले से ही कोर्ट विवाद में थी. इसके बावजूद आरोपियों ने यह तथ्य छुपाकर सौदा कराया और बड़ी रकम वसूल ली, जो सुनियोजित ठगी को दर्शाता है.

**धमकी देने का भी आरोप** : शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि बाद में अनिल तिवारी से समझौते के नाम पर आरोपियों ने 4 लाख रुपये नकद और ले लिए. जब प्रार्थी ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने इंकार कर दिया. नागेन्द्र राय के घर जाकर गुहार लगाने पर उन्हें धमकाया गया और टाकेश्वर पाटले द्वारा हरिजन एक्ट के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई. लगातार 35 महीनों तक परेशान रहने के बाद प्रार्थी ने पुलिस की शरण ली. पुलिस ने मामले को प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी का मानते हुए बीएनएस की धारा 318(4) और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है.

## कार सवार युवकों ने किया युवती का अपहरण

**सरगुजा, 16 जनवरी।** अंबिकापुर जिले में युवती के अपहरण का मामला सामने आया है। कार सवार युवकों ने घटना को अंजाम दिया है। पूरी घटना इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका फुटेज अब सामने आया है। पूरा मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र का है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अपहरण में शामिल कार सवार चार युवकों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने आरोपियों को एमसीबी जिले से पकड़ा है। साथ ही अपहृत युवती को भी सकुशल बरामद कर लिया गया है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार युवती का अपहरण गांधीनगर थाना क्षेत्र से किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज कर दी है। आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद पूरे घटनाक्रम का खुलासा जल्द किया जाएगा।

**■ सीसीटीवी फुटेज आया सामने, पुलिस हिरासत में चार आरोपी**

## बिलासपुर में सड़क ठेकेदार गोयल के ठिकानों पर आयकर का छापा

**बिलासपुर, 16 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में आयकर विभाग ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई शुरू की है। इस बार विभाग के निशाने पर प्रदेश के बड़े सड़क ठेकेदार गोयल हैं। आयकर विभाग की टीमों ने बिलासपुर और इंदौर समेत उनके कई ठिकानों पर एक साथ दबिश दी।

ताजा जानकारी के मुताबिक, आयकर अधिकारियों की एक टीम पाराघाट टोल प्लाजा स्थित टोल ऑफिस पहुंची है। बताया जा रहा है कि अधिकारी तीन अलग-अलग गाड़ियों में सवार होकर आए हैं। टीम वहां मौजूद महत्वपूर्ण दस्तावेजों को खंगाल रही है और कार्यालय में उपस्थित कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है।

**इंदौर और बिलासपुर में एक साथ दबिश:** आईटी की यह कार्रवाई केवल एक स्थान तक सीमित नहीं है। सूत्रों के अनुसार, क्क्र गोयल के इंदौर और बिलासपुर स्थित कार्यालयों और निवासों पर भी जांच जारी है। आयकर विभाग को बड़े पैमाने पर कर चोरी और संदिग्ध वित्तीय लेनदेन की आशंका है, जिसके आधार पर यह सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

# 75 से अधिक मकानों पर चला बुलडोजर

## नपा की कार्रवाई से लोगों में नाराजगी, कहा- नहीं दी गई थी नोटिस

**बीजापुर, 16 जनवरी।** नगर पालिका क्षेत्र में न्यू बस स्टैंड के पीछे शुक्रवार को अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी गई है. यहां अवैध तरीके से बनाए गए 75 से अधिक मकानों को तोड़ा जा रहा है. नगर पालिका की राजस्व टीम मौके पर 2 बुलडोजर के साथ पहुंचे हैं. इस कार्रवाई से प्रभावित परिवारों में नाराजगी है. बताया जा रहा है कि ग्रामीणों को पिछले कुछ महीनों में कई बार नोटिस दिया गया है. वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें कोई सूचना या नोटिस नहीं दिया गया. उनका कहना है कि ठंड के मौसम में वह कहां जाएंगे.

जानकारी के अनुसार, न्यू बस स्टैंड इलाके में बसे हुए लगभग 75 मकानों को लेकर प्रशासन ने कई बार नोटिस जारी कर ग्रामीणों को सूचना दी गई थी, लेकिन नोटिस की अवहेलना की गई. जिसके बाद प्रशासन ने अपने कार्रवाई शुरू कर दी है. लगभग 75 मकानों पर कार्रवाई जारी है.



**प्रशासन पर ग्रामीणों का नोटिस नहीं देने का आरोप:** प्रभावित ग्रामीणों ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन की ओर से उन्हें किसी प्रकार से सूचना या नोटिस नही दी गई. शुक्रवार की सुबह अचानक आकर बुलडोजर से सीधे हमारे घरों को तोड़ने लगे. उनके रुकवाने पर भी वह नहीं रुके. पूरी तरह घरों को गिराकर चले गए. अब इस ठंड के मौसम में वह और उनके छोटे बच्चे कहां जाएं, क्या करें.

## विधायक मूणत की चेतावनी के बाद निगम में इंजीनियरों के तबादले

**रायपुर, 16 जनवरी।** पश्चिम विधायक राजेश मूणत की चेतावनी के एक दिन बाद निगम आयुक्त ने ईई,एई, और डीई के तबादले किए हैं। कर्बला तालाब सौंदर्यीकरण कार्य में लापरवाही पर भड़के मूणत ने संबंधित इंजीनियरों को हटाने कहा दिया था। जारी आदेशानुसार जोन 3 कार्यपालन अभियंता (ईई) सुशील मोडेस्टस को जोन 7, जोन 7 प्रभारी ईई ईश्वर लाल टावरे को जोन 3 जोन 7 एई गोविंद साहेब बजारे को जोन 2, जोन 7 एई अरविंद राहुल को जोन 5, जोन 2 एई शत्रुधन देशलहरे को जोन 7. जोन 5 एई कमलेश मिथलेश को जोन 7, जोन 7 प्रभारी एई पुकेश साहू को जोन 6, जोन 7 डीई राजकमल घृतलहरे को जोन 6, जोन 6 डीई विक्रम सिंह ठाकुर को जोन 7, जोन 7 डीई श्रीमती कृति शर्मा को जोन 5, जोन 7 डीई विद्या देशलहरा को जोन 6, जोन 7 डीई राहुल थरानी को जोन 10, जोन 10 डीई सुरेन्द्र श्रीवास को जोन 7, जोन 5 डीई श्रीमती प्रेरणा अग्रवाल को जोन 7, जोन 6 डीई श्रीमती रचना संघवी को जोन 7 में पदस्थ किया है ।

**तैयारी** | **मौसम विज्ञान विभाग ने भविष्य की मौसम सेवाओं की पेश की मजबूत रूपरेखा**

# दिल्ली, मुंबई समेत 200 शहरों में लगेंगे ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन

**नई दिल्ली, 16 जनवरी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को अपने 151वें स्थापना दिवस पर भविष्य की मौसम सेवाओं की मजबूत रूपरेखा पेश की। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस अवसर पर घोषणा की कि सरकार ढ्डस्न्ठ की पहुंच और प्रभाव बढ़ाने के लिए देशभर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और नए क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित करेगी।

डॉ. सिंह ने बताया कि वर्ष 2026 में दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और पुणे में कुल 200 ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन लगाए जाएंगे। हर शहर में 50-50 स्टेशनों की व्यवस्था होगी, जिससे मौसम संबंधी डेटा की सटीकता और समय पर जानकारी प्रदान करने में सुधार होगा। मौसम भवन, लोधी रोड में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार डेटा-आधारित, शहर-विशिष्ट और हाइपर-लोकल मौसम पूर्वानुमान को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने बताया कि बीते वर्षों में पूर्वानुमान की सटीकता 40-50 प्रतिशत तक बढ़ी है, जबकि चक्रवात ट्रैक भविष्यवाणी में 35-40 प्रतिशत का सुधार हुआ है। मासिक और मौसमी पूर्वानुमानों में त्रुटि दर भी 7.5त्न से घटकर 2.5त्न रह गई है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि स्वचालित मौसम स्टेशनों का एक घना नेटवर्क बारीक और उच्च-रिज़ॉल्यूशन स्थानिक डेटा प्रदान करेगा। इसके जरिए अचानक भारी बारिश, गरज के साथ बारिश, अत्यधिक गर्मी और दबाव में तेजी से बदलाव जैसी घटनाओं की भविष्यवाणी अधिक सटीक रूप से संभव होगी। डॉ. सिंह ने कहा कि मिशन मौसम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उन्नत मौसम विज्ञान और जलवायु सेवाओं के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का स्पष्ट संकेत है।




### डेटा-आधारित पूर्वानुमान पर दिया गया जोर

इस दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने जोर देकर कहा कि डेटा-आधारित मौसम पूर्वानुमान न केवल आपदा जोखिम कम करने में मदद करता है, बल्कि कृषि, विमानन, शहरी नियोजन और सार्वजनिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सूचित निर्णय लेने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## भाजपा-शिंदे गठबंधन ने पार किया बहुमत का जादुई आंकड़ा

**मुम्बई, 16 जनवरी।** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव के नतीजों में बीजेपी और शिंदे गुट के महायुति गठबंधन ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है, जो मुंबई की राजनीति में ठाकरे परिवार के वर्चस्व के अंत का स्पष्ट संकेत है। गठबंधन ने 118 सीटों पर बढ़त बना ली है, जिससे पहली बार बीजेपी को बीएमसी में सत्ता हासिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। बीएमसी चुनाव के लिए सभी 23 निर्धारित केंद्रों पर मतगणना जारी है और भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन की मुंबई में शानदार जीत की संभावना है। अंतिम परिणाम आज शाम तक घोषित कर दिया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, मतगणना प्रक्रिया भारतीय चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए की जा रही है और सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। रुझान के आधार पर भाजपा और शिवसेना के महायुति गठबंधन ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। भाजपा को फिलहाल 89 सीटों की बढ़त हासिल है और शिवसेना को 29 सीटों की, जिससे दोनों का कुल आंकड़ा 118 हो गया है।

# कस्टम मिलिंग में लापरवाही बरतने पर राइस मिल सील

**बिलासपुर, 16 जनवरी।** ग्राम खपरी में कस्टम मिलिंग कार्य में गंभीर लापरवाही सामने आने पर प्रशासन ने एक फिर बड़ी कार्रवाई की है. कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर गठित जांच दल ने राइस मिल परिसर से हजारों क्विंटल धान कम पाया गया. 25.30 करोड़ रुपए मूल्य का 81614 क्विंटल धान जब्त कर बालकृष्ण फूड्स राइस मिल को सील कर दिया. तखतपुर विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम खपरी में संचालित राइस मिल में राजस्व और खाद्य विभाग ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है. शासन के निर्देश पर समितियों से धान उठाव एवं मिलिंग कार्य की सख्त निगरानी की जा रही है.

इस उद्देश्य से आईसीसीसी कमांड सेंटर के माध्यम से जीपीएस ट्रैकिंग द्वारा धान परिवहन पर नजर रखी जा रही है. वाहन के अधिक समय तक एक स्थान पर रुकने अथवा क्षमता से अधिक धान परिवहन की स्थिति में सूचना पोर्टल पर प्रदर्शित होती है, जिस पर जिला स्तर पर तत्काल जांच की जाती है. इसी क्रम में 15 जनवरी को तखतपुर एसडीएम नीतिन तिवारी एवं सहायक कलेक्टर अरूवंत कुमार के नेतृत्व में गठित जांच दल द्वारा विकासखंड तखतपुर के ग्राम खपरी में संचालित रघुबीर राइस मिल एवं बालकृष्ण फूड्स की जांच की गई.

जांच के दौरान तहसीलदार शशांक शुक्ला, सहायक खाद्य अधिकारी अजय कुमार मौर्य, खाद्य निरीक्षक आशीष दिवान एवं श्याम वस्त्रकार उपस्थित रहे. भौतिक सत्यापन में पाया गया कि, मिलर द्वारा खरीफ वर्ष 2025-26 एवं 2024-25 में कुल 96863.2 क्विंटल धान का उठाव किया गया था, जबकि मिल परिसर में केवल 92358.8 क्विंटल धान ही उपलब्ध था. इस प्रकार 4504 क्विंटल धान मौके पर नहीं पाया गया. यह कृत्य छत्तीसगढ़ चावल उपार्जन आदेश 2016 का स्पष्ट उल्लंघन है. अनियमितता एवं धान की रिसाइकलिंग की आशंका को देखते हुए 204035 बोरी 81614 क्विंटल धान जब्त किया गया।

# विधायक ने 16.9 करोड़ रुपयों के सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,16 जनवरी।** विधायक भावना बोहरा के सतत प्रयासों और डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया विधानसभा के गाँव-गाँव समृद्धि और विकास की किरण पहुँच रही है। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है वहीं हर गाँव को जोडती पक्की सड़कें पंडरिया के विकास को नई गति दे रही हैं। इसी कड़ी में आज पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं ग्राम गौरव पथ योजना के तहत कुल 16 करोड़ 09 लाख 25 हजार रुपए के सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 10 करोड़ 90 लाख 54 हजार रुपए की लागत से ग्राम दानीघाठोली से देवदहरा तक 16.10 किलोमीटर एवं 2 करोड़ 71 लाख 42 हजार रुपए की लागत से नवागांव खुर्द से पैलपार तक 5 किलोमीटर की कुल 13 करोड़ 61 लाख 95 हजार रुपए की लागत से बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के तहत 2 करोड़ 14 लाख 29 हजार की लागत से सूरजपुरा से ढोरली 2.50 किलोमीटर एवं मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के तहत ग्राम गौरमाटी में 33 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी का आभार व्यक्त किया।दानीघटोली से देवदहरा तक सड़क निर्माण से दानीघटोली, गेंदपुर, रुसे, सिंघौरी, गोरखपुर, बंधी, अमलीडीह,देवदहरा सहित आस-पास के गांव तथा नवागांव खुर्द से पैलपार तक सड़क निर्माण से पैलपार, गोरखपुर, हरदी, रगरा, नवागांव, कोसमन्दा, गौरमाटी, वीरेंद्रनगर सहित आस-पास के गांव को बारहमासी सड़क आवागमन की सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि किसी भी क्षेत्र, प्रदेश व देश के विकास की राह वहां के गाँव के सर्वांगीण विकास से होकर गुजरती है। हमारी सरकार का संकल्प है कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ग्राम तक सुरक्षित, सुदृढ़ और सर्व मौसम सड़क संपर्क सुनिश्चित कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और जन-कल्याण को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जाए। पंडरिया विधानसभा में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य निरंतर जारी हैं।



## जिला बीजेपी महामंत्री बने मुकेश ठाकुर, बधाइयों का तांता

**कवर्धा,16 जनवरी (तछसं.)।** जिला बीजेपी महामंत्री मुकेश ठाकुरके बनने पर जलेश्वर साहू संतोष ध्रुव शेखर सिंगरौल शैलेन्द्र साहू,हरेकृष्ण शुक्ला राघवेंद्र वर्मा शुभम केशरी ने गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी।

## एक नजर

### दुकान में चोरी का प्रयास करने के मामले में दो गिरफ्तार



**भिलाई, 16 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र कैलाश नगर में स्थित एक ज्वेलर्स दुकान में चोरी के के लिए सब्बल और लोहे की रॉड से रास्ता बनाकर चोरी का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस आरोपियों के कब्जे से चोरी करने का औजार सब्बल व लोहे की राड जब्त किया है जामुल टीआई रामेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रार्थी गोपाल चौरसिया निवासी हाउसिंगबोर्ड ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि कैलाश नगर मोहनी मंगल के बगल में उसका चौरसिया ज्वेलर्स के नाम से ज्वेलर्स दुकान है दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। अगले दिन प्रातः 4 बजे पड़ोसियों ने फोन कर बताया कि आपकी दुकान से आवाजें आ रही है। प्रार्थी ने जामुल थाने पुलिस को सूचना दिया गया। जामुल पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर घटना स्थल पर दबिश दी। पुलिस की गाड़ी को आता देख संदेही भागने का प्रयास करने लगे जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदेही संजय ठाकुर (24 साल ) निवासी खैरा थाना साजा जिला बेमेतरा एवं आशीष वर्मा (28 साल ) निवासी ग्राम सण्डी थाना गंडई जिला केसीजी से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार करते हुए चोरी करने की नीयत से ज्वेलर्स दुकान के दीवाल को तोड़ना बताया एवं समय रहते पुलिस मौके पर नहीं पहुंचती तो चोरी की घटना को अंजाम देना बताया। आरोपियों के कब्जे से सब्बल व लोहे की राड बरामद किया गया है।

### ड्राइविंग में लापरवाही मामले में जुर्म दर्ज



**भिलाई, 16 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के डाइविंग में लापरवाही से हुई प्रवीण धृतलहरे की मौत मामले में जामुल पुलिस ने उसके दोस्त पर अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। धमेन्द्र सिंह (38 साल ) निवासी कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला पांच रास्ता वार्ड 17 ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि छोटा भाई प्रवीण धृतलहरे 14 जनवरी को अपने दोस्त दुर्गेश मांडले, आकाश केशरवानी एवं राहुल साहू के साथ वाहन मारूती स्वीफ्ट डिजायर कार में सुपेला से नंदिनी रोड होकर कचांदुर जा रहे थे। कार को राहुल साहू चला रहा था। रात 1.30 बजे चालक राहुल साहू वाहन कार को तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक व खतरनाक तरीके से चलाते हुए नंदिनी रोड जामुल में भारत पेट्रोल पम्प के सामने में सूचना बोर्ड को ठोकर मारते हुए स्वयं कार को एक्सीडेंट कर पलट दिया था इस घटना में प्रार्थी के छोटे भाई प्रवीण धृतलहरे को शरीर में गंभीर चोट आने से मौके पर मौत हो गई।

### एनसीसी कैडेटों ने मनाया 78 वां सेना दिवस



**भिलाई, 16 जनवरी।** कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 78 वां सेना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ आर्मी पब्लिक फाउंडेशन के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह एवं प्राचार्य डॉ. विनय शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. हरीश कुमार कश्यप ने सेना दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 15 जनवरी का दिन भारतीय सेना के शौर्य, साहस और राष्ट्र सेवा को नमन करने का प्रतीक है। इसी दिन वर्ष 1949 में भारतीय सेना की कमान अंतिम ब्रिटिश सेनापति जनरल सर फ्रांसिस रॉय बुचर से भारतीय सेनापति को सौंपी गई थी, जिससे भारतीय सेना पूर्णतः भारत की संप्रभुता की रक्षक बनी। प्राचार्य डॉ. विनय शर्मा ने स्वागत भाषण दिया।

विशिष्ट अतिथि गिरजेश सिंह ने युवाओं में अनुशासन, प्रशिक्षण और आत्मबल बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं रजनीश कुमार सिंह ने युवाओं को अनुशासन, माता-पिता एवं गुरुजनों के सम्मान को सफलता की कुंजी बताया। विशिष्ट अतिथि चंद्र मोहन ने ब्लैक कैट कमांडो (एनएसजी) की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उनके साहस और प्रशिक्षण की जानकारी दी। डॉ. सलीम अकील ने आभार प्रदर्शन किया।

## पथ श्री हुजूर उदित मुनि नाम साहेब के चादर तिलक समारोह 23 जनवरी को छत्तीसगढ़ में मदिरा व मांस बिक्री पर प्रतिबंध हो:कबीरपंथ की मांग



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कबीरधाम,16 जनवरी।** श्री सदुरु कबीर धर्मदास वंशावली के 16वें वंश प्रतापाचार्य, परम पूज्य पंथ श्री हुजूर उदित मुनि नाम साहेब जी के विधिवत चादर तिलक समारोह को लेकर कबीरपंथ समाज ने छत्तीसगढ़ शासन से महत्वपूर्ण मांग की है। यह भव्य धार्मिक समारोह 23 जनवरी 2026 को कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा, जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) में आयोजित किया जाएगा।कबीरपंथ समाज जिला कबीरधाम एवं के.डी.वी. मिशन के पदाधिकारियों ने बताया कि उक्त समारोह में देश के विभिन्न राज्यों सहित विदेशों से भी लाखो की संख्या में श्रद्धालु एवं अनुयायी शामिल होंगे। कार्यक्रम की गरिमा, शांति एवं धार्मिक पवित्रता बनाए रखने के उद्देश्य से समाज ने 23 जनवरी 2026 को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में मदिरा एवं मांस-मटन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की है।इस संबंध में समाज की ओर से जिला प्रशासन एवं राज्य शासन को अनुरोध पत्र सौंपा गया है। समाजजनों का कहना है कि राज्यव्यापी निषेध से धार्मिक भावनाओं का सम्मान होगा तथा आयोजन शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो सकेगा।कबीरपंथ समाज ने शासन से जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है।

## गुरुकुल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को यातायात विभाग ने सड़क सुरक्षा व नियमों की जानकारी दी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,16 जनवरी।** गुरुकुल पब्लिक स्कूल में यातायात विभाग कवर्धा के द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षक -कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की विशेष जानकारी दी गई। इस अवसर पर यातायात विभाग के ट्रैफिक इंचार्ज अजय कांत तिवारी एवं उनके यातायात विभाग के सहयोगियों ने रोचक ढंग से विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के विषय में समझाया। यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन नहीं चलना चाहिए। मीडिया प्रभारी शिक्षक डॉक्टर विजय कुमार शाही ने बतलाया कि यातायात इंचार्ज के द्वारा विद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं बस के चालक परिचालकों को समझाया गया कि वाहन का बीमा आवश्यक है जिससे दुर्घटना होने पर आर्थिक रूप से बचाव किया जा सके। उन्होंने समझाया कि जीवन अनमोल है।



## महिलाओं को स्वास्थ्य,स्वच्छता की जानकारी दी

**कवर्धा,16 जनवरी (तछसं.)।** संकल्प एक प्रयास सोसायटी भिलाई द्वारा गरिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत आदर्श बाल ग्राम निर्माण कार्यक्रम के तहत आयोजन ग्राम औंसर में किया गया, जिसमें ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं और किशोरियों को निशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए गए। संकल्प एक प्रयास सोसायटी द्वारा बच्चों को पूरक शिक्षा प्रदान की जाती है, ताकि उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य गुणवत्ता में सुधार हो। गरिमा परियोजना किशोरियों और महिलाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता और आत्मनिर्भर बनाने पर केंद्रित है। कार्यक्रम में प्रियालता महिपाल सरपंच ग्राम पंचायत औंसर-डिघारी उपस्थित रहीं, साथ में सभी आशा वर्कर, गरिमा फेलोस भारती निर्मलकर, यामिनी महिपाल,टेकेश्वरी साहू, वेदिका सहित ग्राम के किशोरी एवं महिलाएं उपस्थित रही।



## तीन दिव्यांग बैटरीचलित ट्रायसायकल पाकर हुए खुश

**कवर्धा,16 जनवरी।** जिला कार्यालय समाज कल्याण जिला कबीरधाम में आज दिनांक 15 जनवरी 2026 को अस्थि बाधित के कुल 03 दिव्यांगजनों को बैटरी चलित (मोट्राईज्ड) ट्रायसायकल प्रदाय किया गया जिसमें पुन्नीदास पिता दुखित राम ग्राम बरबसपुर त.ह. कवर्धा, रमेश्र पटेल पिता श्री कन्हैया राम ग्राम महराटोला वि.ख. कवर्धा एवं युसुफ खान पिता खलील खान कैलाश नगर पालिका कवर्धा को वितरण किया गया। उक्त वितरण कार्यकम में चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कवर्धा, बिहारी राम धुर्वे,सभापति नगर पालिका परिषद, सौखी अहिरवार, दिपक सिन्हा पार्षद नगर पालिका परिषद बीर सिंग पटेल, मण्डल अध्यक्ष एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गोंडवाना समाज की एकता,समृध्दि को बनाए रखने मिलकर काम करना होगा:ललित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 16 जनवरी।** स्टेशन मरोदा, भिलाई में गोंडवाना समाज द्वारा पारिवारिक मिलन समारोह का गरिमामयी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपनी संस्कृति व परंपराओं के प्रति उत्साह प्रकट किया।इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में द्दुर्ग ग्रामीण विधायक माननीय श्री ललित चंद्राकर जीद्व उपस्थित रहे। उन्होंने समाज को संगठित रहने और शिक्षा व संस्कारों को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि गोंडवाना समाज की एकता और समृद्धि ही हमारी पहचान है, और हमें इसे बनाए रखने के लिए मिलकर काम करना होगा।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए द्दपद्मश्री डॉ. आर. एस. बारले जीद्व विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने गोंडवाना समाज के इस प्रयास की सराहना की और इसे आपसी भाईचारा बढ़ाने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि गोंडवाना समाज की संस्कृति और परंपराएं हमें अपने पूर्वजों के आदर्शों से जोड़ती हैं, और हमें इनका पालन करना चाहिए।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय मंत्री राजू लाल नेतामद्ध, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं भिलाई पार्षद तुलसी राम ध्रुद्ध, पार्षद विनय नेताम, आर. तुमरेकी, मोहन नेटी, प्रहलाद सिंह ठाकुर, आशाराम मंडावी, मुकेश तारम, कोमल नेटी, लोकनाथ मंडावी, देव कुमार ठाकुर, सपन दुबे, भूषण ठाकुर, राम बहादुर नेताम, भंवर सिंह मंडावी, सुमित्रा मंडावी, श्रीमती सुभद्रा तारम, श्रीमती कमलेश्वरी नेताम और श्रीमती कुंती बाई सहित बड़ी संख्या में समाज गंगा के लोग उपस्थित रहे।

गोंडवाना समाज के इस पारिवारिक मिलन समारोह में समाज के लोगों ने एक-दूसरे के साथ अपने संबंधों को मजबूत बनाने और समाज के विकास के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

## प्रियदर्शिनी परिसर विकास समिति के मिलन समारोह में हुए विभिन्न कार्यक्रम



**भिलाई, 16 जनवरी।** प्रियदर्शिनी परिसर (ईस्ट) विकास समिति द्वारा 18वां मिलन समारोह मनाया गया। शुभारंभ नन्हे बालक राजवीर सिंह द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गायन, नृत्य, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को समिति के अध्यक्ष जे.एन. तिवारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए श्रीमती ममता शांडिल्य, श्रीमती मनीषा नवानी, श्रीमती शुभदा कामड़े एवं श्रीमती प्रियंका शांडिल्य को समिति के संरक्षक डॉ. के. गुरुनाथ एवं डॉ. विमला गुरुनाथ द्वारा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन में विशेष रूप से गणेश ताम्रकार, शैलेन्द्र गुप्ता, संतोष मिश्रा, हेम शर्मा, श्रीमती पूनम सिंह, भावना चतुर्वेदी एवं सोनल सोनी की भूमिका उल्लेखनीय रही।

## कॉलोनी की सड़क पर अतिक्रमण व पेट्रोल पंप निर्माण से लोग नाराज



**भिलाई, 16 जनवरी।** चंद्र नगर कोहका स्थित अग्रसेन आईटीआई के सामने कॉलोनी की सड़क पर अतिक्रमण कर उसे संकरी किए जाने एवं कथित रूप से अवैध पेट्रोल पंप निर्माण को लेकर कॉलोनी वासियों में आक्रोश व्याप्त है। कॉलोनी वासियों ने नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय से मुलाकात कर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। उन्होंने बताया कि चंदन नगर की सड़क नंबर 6 एवं 7 पहले से ही अत्यंत संकरी हैं। यदि भविष्य में आगजनी जैसी कोई घटना होती है तो दमकल या एंबुलेंस जैसी आपातकालीन वाहन कॉलोनी में प्रवेश नहीं कर पाएंगेए जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। कॉलोनी वासियों का आरोप है कि उन्हें गुमराह कर चारों ओर मिट्टी के बड़े.बड़े टीले बनाकर यह बताया गया कि वहां कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा हैए जबकि वास्तविकता में पेट्रोल पंप का निर्माण किया जा रहा है। कॉलोनी वासियों ने नगर निगम आयुक्त से मांग की है कि उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि निर्माण कार्य पर शीघ्र रोक नहीं लगाई गई तो कॉलोनीवासी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर चंदन नगर विकास समिति के संयोजक शारदा गुप्ताए संतोष सोनी, निर्मल भारती, रेखा ब्रम्हे, बसंत शुक्ला, बसंत पुरी, बीजे आनंदए दिनेश विश्वकर्माए राजकुमार ब्रम्हेए प्रशांत पासवान, भारती राणे, सुनीता राणे, प्रमिला बोरकर, मीना सिंह, गीता चौधरी, नीलम भारती, पुष्पा देवांगनए शिवकुमारी प्रजापति, अनीता सिंहए यशोदा मिश्राए नीलम देवी, प्रभावती, कोमल दुलानी, यश दुलानी सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

## 15 लाख बकाया के कारण होटल मालवा को निगम ने सील किया

**दुर्ग,16 जनवरी।** आयुक्त सुमित अग्रवाल के सख्त निर्देशों के बाद नगर निगम का राजस्व अमला बड़े बकायादारों एवं बिना लाइसेंस व्यापार करने वालों पर लगातार शिकंजा कस रहा है। इसी क्रम में शहर के मालवा होटल पर आज बड़ी कार्रवाई की गई।निगम रिकॉर्ड के अनुसार मालवा होटल पर लगभग 15 लाख रुपये का कर वर्षों से बकाया है। इसके अलावा होटल द्वारा बिना वैध विज्ञप्ति/व्यवसाय लाइसेंस के संचालन किया जा रहा था। बकाया कर वसूली एवं नियमों के उल्लंघन को लेकर राजस्व अमला आज सीलिंग की कार्रवाई करने मौके पर पहुंचा। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा।

## आयुक्त ने जोन-4 खुर्सीपार का किया निरीक्षण

**भिलाई, 16 जनवरी।** शहर के समग्र विकास एवं नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नवीन डामरीकरण सड़कों, अवैध अतिक्रमण एवं एस.एल.आर.एम. सेंटर सहित विभिन्न निर्माण एवं संधारण कार्यों की समीक्षा की गई। आयुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शिवाजी नगर, छावनी मंगल बाजार बस्ती में नवनिर्मित डामरीकरण सड़क का अवलोकन आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा किया गया। सघन आबादी वाले इस क्षेत्र में सड़क निर्माण से हजारों नागरिकों को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी। सड़क किनारे किए गए नल कनेक्शन के गड्ढों का भी निरीक्षण कर अनावश्यक बहते पानी को तत्काल रोकने के निर्देश दिए गए। स्थानीय नागरिकों द्वारा नालियों के ऊपर किए गए अवैध अतिक्रमण को लेकर संबंधित अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए गए।

## छावनी क्षेत्र में नाली व सड़कों से हटाए गए अवैध कब्जे



**भिलाई, 16 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र में बुधवार सुबह अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा प्रातः भ्रमण के दौरान दिए गए निर्देशों के परिपालन में छावनी मंगल बाजार एवं अंकुश चौक के समीप नालियों और सड़कों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। निगम प्रशासन को लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि कुछ स्थानीय लोगों द्वारा नालियों के ऊपर पक्का निर्माण कर लिया गया है तथा दुकानदारों द्वारा सड़कों तक सामान फैलाकर अतिक्रमण किया जा रहा है। इससे जल निकासी बाधित होने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी। कार्रवाई के दौरान छावनी मंगल बाजार एवं अंकुश चौक क्षेत्र में नाली के ऊपर किए गए अवैध निर्माण को ढहाया गया, वहीं सड़क घेरकर रखे गए सामानों को जब्त किया गया। संबंधित अतिक्रमणकारियों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि पुनः अतिक्रमण किया गया तो सामान जब्ती के साथ-साथ नियमानुसार भारी जुर्माना एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार सहित स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व अमले की टीम उपस्थित रही।

## छत्तीसगढ़ राजभर महासभा का सामाजिक सम्मेलन 18 जनवरी को



अतिथियों में वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार शिवनाथ शुक्ल, अखिल भारतीय राजभर संगठन के अध्यक्ष

**भिलाई, 16 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राजभर महासभा द्वारा आगामी 18 जनवरी रविवार को एक दिवसीय सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन प्रातः 8 से सायं 5 बजे तक श्रीराम चौक, सेक्टर.11 जोन.2 खुर्सीपार में संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेनए महापौर नीरज पाल, राजभर सेवा संघ मुंबई के अध्यक्ष दयानंद राजभरए पूर्व अध्यक्ष अनिल राजभर तथा शिरीष अग्रवाल सिंह उपस्थित रहेंगे। राजगुरु आचार्य शिव प्रसाद सिंह राजभर सम्मेलन सभा के अध्यक्ष होंगे। विशेष आमंत्रित भवनाथ राजभरए इतिहास समीक्षक राजेश राजभरए प्रसिद्ध इतिहासकार रामचंद्र राजभर एवं राजभर एक्सप्रेस मुंबई के अखिलेश राजभर प्रमुख हैं। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगीए जिनमें भोजपुरी लोकगीत गायक कमलेश राजभर मुंबई से पधारे बिरहा गायक रामपत राजभर के साथ गिनीज बुक ऑल वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर बाहुबली धर्मेंद्र राजभर अपनी नारियल एवं अखरोट तोड़ने की कला का प्रदर्शन करेंगे। इसके अतिरिक्त मुंबई से संजय राजभरए पूर्व वारंट ऑफिसर एससी राम राजभरए कटेश्वर राजभरए सुभाष राजभरए अवधराम राजभर, हनुमान राजभरए कैलाश भरद्वाज नागपुर से समाजसेवी शंभू राजभर इतिहासकार चंद्रमा राजभरए सेवानिवृत्त अधिकारी रामानंद वर्माए रांची से विश्वनाथ प्रसाद स्पेशल टास्क फोर्सद्धए भूपेश राजभरए राधेश्याम शर्मा रेलवे सेक्शन इंजीनियर भगवान दासए पत्रकार मनोज राजभरए डांसर विशाल राजभर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ राजभर महासभा के अध्यक्ष नरसिंह राजभरए महासचिव सुरेश राज एवं कोषाध्यक्ष बीएल राज ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया सम्मेलन का उद्देश्य राजभर समाज की सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास पर विचार.विमर्श करना है। सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे।

## स्वदेशी मेला 22 से 28 जनवरी तक स्टेट हाई स्कूल मैदान में

**राजनांदगांव , 16 जनवरी ।** स्थानीय स्टेट हाई स्कूल मैदान में आगामी 22 जनवरी से 28 जनवरी तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय स्वदेशी मेले की तैयारियाँ जोर-शोर से प्रारंभ हो चुकी हैं। इसी क्रम में आज विधिवत भूमि पूजन का कार्य श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। हवन एवं वैदिक पूजा अर्चना के साथ पंडित जी द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।भूमि पूजन कार्यक्रम में आयोजन समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# एक नजर

## संयुक्त टीम ने अलग अलग जगह किया 267 बोरी अवैध धान जब्त



**बलौदाबाजार, 16 जनवरी।16 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एवं भण्डारण पर लगातार कार्यवाही जारी है। इसी कड़ी में गुरुवार को संयुक्त जांच टीम ने 267 बोरी अवैध धान जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खम्हरिया में 27 कट्टा अवैध धान परिवहन करते पाया गया। उक्त धान को जप्त कर ग्राम कोटवार मोहनदास के घर में रखवाया गया और ग्राम कोटवार को सुपुर्द किया गया। ग्राम जारा के पास माजदा गाड़ी में अवैध रूप से खोरसी जिला रायपुर से 160 बोरी धान मुसुवाडीह लाया जा रहा था, कोई वैध दस्तावेज नहीं होने से जब्तीनामा बनाकर धान खरीदी केंद्र में सुपुर्दगी किया गया है। इसीतरह महाराजी वन जांच चौंकी के पास राजकुमार नामक व्यक्ति का धान अवैध परिवहन करते हुए पाया गया मौके पर संयुक्त टीम द्वारा 80 बोरी धान सहित वाहन जब्त कर गिरौधपुरी थाना को सुपुर्द किया गया है।

## कस्टम मिलिंग में अनियमितता पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई



**बलौदाबाजार,16 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कस्टम मिलिंग में अनियमितता पर जिला प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुवार को हथबंद स्थित मैसर्स कविता राइस इंड्रस्ट्रीज को तहसीलदार सिमगा एवं सहायक खाद्य अधिकारी द्वारा विधिवत सील किया गया।कुछ दिन पूर्व ही उक्त राईस मिल संचालक पर इसी मामले में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कविता राइस इंडस्ट्रीज हथबंद का भौतिक सत्यापन के दौरान 2372.64 क्विंटल धान कम पाए जाने पर कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के तहत 5403.6 क्विंटल धान व 3362.5 क्विंटल चावल जब्त किया गया है। आज प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही करते हुए राईस मिल को सिलबंद भी किया गया। गौरतलब है कि कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में धान खरीदी कार्य पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संचालित हो एवं अवैध धान समिति पर न खपा पाए इसको दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी राइस मिलो का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता पर सबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

### 14 राइस मिलों को किया गया सील

**रायपुर, 16 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुंगेली जिले में कस्टम मिलिंग में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर जिला प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले की 14 राइस मिलों को सील करने के साथ ही 12 हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त किया गया है। यह कार्रवाई राज्य आईसीसीसी से प्राप्त अलर्ट तथा मुख्य सचिव श्री विकासशील के निर्देशानुसार की गई। आज मुंगेली जिले में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर श्री जी.एल. यादव सहित राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न राइस मिलों का औचक निरीक्षण किया। राईस मिलों के जांच में ओवरलोडिंग, रिसायक्लिंग तथा कस्टम मिलिंग में गंभीर गड़बड़ियां पकड़ में आई। जांच की कार्रवाई में उपलेटा राइस मिल, नवागांव घुठेरा रोड स्थित नेशनल दाल मिल, पंडरिया रोड स्थित वर्धमान मिलिंग इंडस्ट्रीज, जैन राइस इंडस्ट्रीज तथा नवकार दाल उद्योग में कस्टम मिलिंग में अनियमितता पाई गई, जहां से 12 हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त किया गया।

# मनरेगा के तहत निर्मित कुएं से किसान कार्तिक राम हुआ आत्मनिर्भर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 16 जनवरी।** तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कसियारा निवासी किसान कार्तिकराम पटेल मनरेगा के तहत अपने खेत में कुंआ निर्माण कराया।सिंचाई की सुविधा होने से धान के अलावा सब्जी की खेती की जिससे आय बढ़ी और आज आर्थिक रूप से सशक्त हुए। कार्तिक राम की आर्थिक स्थिति पहले अत्यंत दयनीय थी। खेती के लिए पर्याप्त साधन न होने के कारण वे बेरोजगार थे और परिवार की दैनिक जरूरतों को पूरा करना उनके लिए एक बड़ी चुनौती बन गया था। इस कठिन समय में उन्हें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने अपनी निजी भूमि पर कुआं निर्माण के लिए ग्राम पंचायत में आवेदन किया। तकनीकी सहायक द्वारा स्थल निरीक्षण और आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद, उनकी निजी भूमि पर कुआं निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली। इस कुआं निर्माण परियोजना ने कार्तिक राम के जीवन में एक क्रांतिकारी बदलाव लाया है। सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होने से उन्होंने अपनी बाड़ी में सब्जी उत्पादन शुरू कर दिया है, जिससे उन्हें न केवल घर के लिए ताजी सब्जियां मिल रही हैं, बल्कि वे इन्हें बेचकर अच्छा लाभ भी कमा रहे हैं। जो व्यक्ति कभी काम की तलाश में भटकता था, आज वह स्वरोजगार के माध्यम से अपनी आजीविका चला रहा है। इस कार्य से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और परिवार के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है। आज कार्तिकराम पटेल ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भरता का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं, जिन्होंने मनरेगा के माध्यम से अपनी बंजर उम्मीदों को फिर से हरा-भरा कर दिया है। अब यह योजना विकसित भारत जी राम जी में परिवर्तित हो रहा है। कार्तिकराम और उनके पूरे परिवार ने आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।



### 23 से 25 जनवरी तक नवा रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन में होगा तीन दिवसीय आयोजन

# छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊँचाई देगा 'रायपुर साहित्य उत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 16 जनवरी।** छत्तीसगढ़ की साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत को नई ऊर्जा देने तथा देशभर के साहित्यकारों, चिंतकों, कलाकारों और पाठकों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से 23, 24 और 25 जनवरी को 'रायपुर साहित्य उत्सव-2026' का आयोजन किया जा रहा है। इस त्रि-दिवसीय महोत्सव का केंद्रीय विचार 'आदि से अनादि तक' है, जो भारत की साहित्यिक परंपरा की निरंतरता और विकास को रेखांकित करता है। इन तीन दिनों तक नवा रायपुर में साहित्य रंग और कला की त्रिवेणी की अविरल धारा बहती रहेगी।

### नवा रायपुर बनेगा साहित्य का केंद्र

यह प्रतिष्ठित आयोजन अटल नगर नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित किया जाएगा, जहाँ छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और समकालीन साहित्यिक अभिव्यक्तियों का सुंदर संगम देखने को मिलेगा। यह उत्सव छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय साहित्यिक मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### भव्य उद्धाटन समारोह से होगी गरिमामय शुरुआत

रायपुर साहित्य उत्सव का शुभारंभ 23 जनवरी को भव्य उद्घाटन समारोह के साथ होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्रीगण, प्रतिष्ठित साहित्यकार और सांस्कृतिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तियाँ उपस्थित रहेंगी, जिससे आयोजन को गरिमामय शुरुआत मिलेगी। यह समारोह पूरे आयोजन की दिशा और स्वर निर्धारित करेगा।

### युवाओं में दिख रहा खासा उत्साह

इस साहित्य उत्सव की विशेष बात यह है कि इसमें नई पीढ़ी के लेखकों और कवियों को सशक्त मंच प्रदान किया जा रहा है, जहाँ वे अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कर सकेंगे। युवा पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने के लिए विशेष युवा-केंद्रित सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को सहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है और इसका व्यापक असर दिखाई दे रहा है। अब तक 4,000 से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं और पंजीकरण की प्रक्रिया लगातार जारी है।

### देशभर के साहित्यकार और विचारक होंगे शामिल

रायपुर साहित्य उत्सव 2026 में देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रसिद्ध साहित्यकार, कवि, लेखक, पत्रकार, विचारक और युवा रचनाकार एक साथ मंच साझा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान साहित्यिक संवाद, पुस्तक विमोचन, विचार-मंथन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और कला-प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे।

### पुस्तक मेले में लेखकों और पाठकों के मध्य सीधा संवाद

साहित्य उत्सव में स्थानीय और राष्ट्रीय प्रकाशकों की पुस्तकों की प्रदर्शनी और बिक्री के लिए एक भव्य पुस्तक मेला लगाया जाएगा, जिसमें देश के ख्यातिप्राप्त प्रकाशन समूह भाग लेंगे। यहाँ पाठक नई और लोकप्रिय पुस्तकों से सीधे जुड़ सकेंगे। उत्सव के दौरान नई पुस्तकों का विमोचन भी किया जाएगा। यहां लेखकों तथा पाठकों के बीच सीधा संवाद स्थापित होगा, जिससे साहित्यिक संवाद को नई दिशा मिलेगी।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ करवाएंगी लोक संस्कृति से रूबरू

लोकनृत्य, लोकगीत और छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शकों को राज्य की जीवंत लोकसंस्कृति से रूबरू कराया जाएगा।

# शराब दुकान से किडनैप किए चारों कर्मचारी नाटकीय ढंग से आए वापस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 16 जनवरी।** शराब दुकान से किडनैप..किए चार कर्मचारियों शराब दुकान से किडनैप वीडियो, स्कॉर्पियो में थे बदमाश तिल्दा के अंग्रेजी और देशी शराब की दुकान से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है ओर पूरे नगर ही नहीं सभी क्षेत्रों में हड़कंप मच गया यहां अज्ञात बदमाशों ने अचानक दुकान में घुसकर पांच कर्मचारियों को अगवा कर लिया। इस घटना के दौरान एक कर्मचारी किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग निकला, जबकि चार कर्मचारियों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार की शाम दुकान में काम कर रहे कर्मचारी अपनी ड्यूटी निभा रहे थे। इसी दौरान कुछ अज्ञात व्यक्ति दुकान में घुस आए और कर्मचारियों के साथ बदसलूकी शुरू कर दी। इसके बाद बदमाशों ने उन्हें जबरदस्ती दुकान के अंदर से अगवा कर लिया। इस दौरान आसपास के अन्य लोग और दुकान में काम करने वाले कर्मचारी दहशत में आ गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में छानबीन शुरू की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और चार कर्मचारियों की तलाश के लिए टीमों को लगाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन अज्ञात बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया, उनकी पहचान और पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज और गवाहों से पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तिल्दा इलाके में पहले भी कभी-कभी ऐसी घटनाएं हुई हैं, लेकिन किसी ने उम्मीद नहीं की थी कि शराब दुकान जैसी सार्वजनिक जगह पर कर्मचारियों का अगवा किया जाएगा। इस घटना के बाद चारों कर्मचारियों की वापसी नाटकीय ढंग से हो गई

लेकिन अब सवाल यह उठ रहा है ये कर्मचारियों को किसने उठाया। क्या आबकारी विभाग के लोगों ने उठाया या फिर अन्य कोई दूसरा इस की सच्चाई सामने आनी चाहिए इस घटना ने जनमानस को सोचने मजबूर कर दिया है जब मामला पुलिस के पास है तो जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की जरूरत है।

# अखिल भारतीय बाघ आकलन के तहत वन विकास निगम के अमलों को दिया गया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 16 जनवरी।** बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में अखिल भारतीय बाघ आकलन के क्रियान्वयन हेतु वन विकास निगम के अधिकारियों एवं मैदानी कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में आधुनिक तकनीक सेलैस ऐप के माध्यम से डेटा संग्रहण और मॉनिटरिंग को पुख्ता करने की जानकारी दी गई।

कार्यशाला के दौरान वन्यजीव विशेषज्ञों और प्रशिक्षकों द्वारा निगम के कर्मचारियों को ऐप के तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। सैद्धांतिक चर्चा के पश्चात, अधिकारियों और कर्मचारियों को फील्ड (मैदानी क्षेत्र) में ले जाकर ऐप का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशिक्षण के दौरान स्पष्ट किया कि आगामी बाघ आकलन के लिए डेटा की शुद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि तकनीकी रूप से सक्षम होने से न केवल डेटा पारदर्शी होगा, बल्कि वन्यजीवों के संरक्षण में भी मदद मिलेगी। फील्ड ट्रेनिंग के दौरान कर्मचारियों की शंकाओं का समाधान किया गया और उन्हें योजनाबद्ध तरीके से गणना कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अखिल भारतीय बाघ आकलन का यह कार्य वर्तमान में पूरे प्रदेश में वृहद स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में वन्यजीव क्षेत्रों के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न वनमण्डलों में भी इस महत्वपूर्ण कार्य को प्रभावी ढंग से संपादित किया जाना है।



# कायाकल्प पुरस्कार में जिला अस्पताल को प्रदेश में दूसरा स्थान,89 अन्य स्वास्थ्य केंद्र भी पुरस्कृत




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,16 जनवरी।** प्रदेश में कायाकल्प -स्वच्छ अस्पताल योजना 2024-25 के परिणाम ज़ारी हुए हैं जिसमें जिला अस्पताल सहित 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ,18 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,66 स्वास्थ्य केंद्र तथा एक शहरी स्वास्थ्य केंद्र को पुरस्कृत किया गया है । इसमें पुरस्कृत स्वास्थ्य संस्थाओं को 70 प्रतिशत से अधिक अंक मूल्यांकन में लाना था। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा कायाकल्प में पुरस्कृत होने पर सभी को शुभकामनाएं दी हैं । उन्होंने आगे भी बेहतर तरीके से काम करते हुए आम जन को सुलभ और सही स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के निर्देश सभी को दिए हैं।

जिला अस्पताल बलौदा बाजार 94 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में द्वितीय स्थान पर है जबकि जिला अस्पताल सूरजपुर ने 94.9 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है । जिले के 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा,सुहेला, पलारी ,लवन ने भी कायाकल्प में पुरस्कर पाया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रेणी में कटगी को जिले में 99.7 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान मिला में है । ऐसे ही उप स्वास्थ्य केंद्र श्रेणी में जिले में झीपन -एन ने 97.5 प्रतिशत अंक लाकर पहला स्थान प्राप्त किया है ।

जबकि सेल और ठेलकी क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। शहरी स्वास्थ्य केंद्र में भाटापारा से मेहता नगर को पुरस्कृत किया गया है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी ने बताया कि कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वच्छता ,सफाई और संक्रमण नियंत्रण के उच्च मानकों की स्थापना हेतु शुरू की गई पहल है । इसमें स्वास्थ्य सुविधाओं का आंतरिक मूल्यांकन होता है जो उन्हें और बेहतर बनने के लिए प्रोत्साहित करती है ।इसके माध्यम से अस्पतालों को रोगी अनुकूल बना कर उनमें स्वच्छता को स्थाई प्रथा के रूप में बढ़ावा देना है।

# बीएनबी हाई स्कूल में विद्यार्थियों ने किया सामूहिक वंदेमातरम गायन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 16 जनवरी।** स्थानीय बी एन बी हाई स्कूल में सामूहिक वंदेमातरम गायन किया गया जिस में मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा मनोज निषाद पार्षद रानी सौरभ जैन बीजेपी उपाध्यक्ष नगर तिल्दा सौरभ जैन के अलावा डॉक्टर लक्ष्मण साहू प गणेश महाराज आनंद शर्मा अनीता सक्सैना सहित अनेक स्कूलों के बच्चे उपस्थित थे। राष्ट्र भक्ति के गीत पीएम श्री स्कूल की छात्राओं ने प्रस्तुत किया तो प्राचार्य राजेश चंदानी ने विचार व्यक्त किया पार्षद रानी सौरभ जैन ने वंदे मातरम पर विचार व्यक्त कर सभी को एक सो पचास वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी। जनभागीदारी अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा मनोज निषाद राजेश चंदानी ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

# धान खरीदी में फर्जीवाड़ा और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर गिरी गाज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 16 जनवरी।** जिले में जारी धान खरीदी के दौरान अनियमितता और लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। छेरकापुर उपार्जन केंद्र में सत्यापन के दौरान भारी गड़बड़ी पकड़ी गई, जहाँ किसान माखन सेन, पिता डेरा सेन द्वारा लाए गए 226 कट्टे धान को पावती में फर्जी तरीके से 282 कट्टा दर्शाया जा रहा था। इस प्रकार 56 कट्टा अतिरिक्त धान अवैध रूप से खपाने के प्रयास में संलिप्त केंद्र के कर्मचारी पंचू राम घृतलहरे और कल्याण वर्मा की भूमिका स्पष्ट होने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया गया है। इसी कड़ी में धान खरीदी कार्य में गंभीर लापरवाही बरतने पर खैरा समिति के प्रबंधक को भी केंद्र से पृथक कर दिया गया है और इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सीसीबी रायपुर को अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। इसके अतिरिक्त कसडोल एवं सिंगारपुर उपार्जन केंद्रों में भी नियम विरुद्ध कार्य पाए गए, जहाँ बिना किसी भौतिक परीक्षण के टोकन में संशोधन करने के दोषी कंप्यूटर ऑपरेटरों को धान खरीदी कार्य से मुक्त कर दिया गया है। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से धान खरीदी केंद्रों में फर्जीवाड़ा करने वाले तत्वों में हड़कंप मच गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसी किसी भी गड़बड़ी पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### ग्राम बुडेनी में सीकेएस व जेसीपी ने किया सदस्यता अभियान आयोजित

# छत्तीसगढ़ियावाद की विचारधारा से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवाओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 16 जनवरी।** ग्राम बुडेनी में सदस्यता अभियान आयोजित, युवाओं की रही उत्साहपूर्ण सहभागित खरोरा खड़ अंतर्गत ग्राम बुडेनी में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी द्वारा संयुक्त रूप से सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान ग्राम के युवाओं ने छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़िया और छत्तीसगढ़ियावाद की विचारधारा से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में संगठन की सदस्यता ग्रहण की।



अभियान के अंतर्गत ग्राम बुडेनी से 25 से अधिक युवाओं ने छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की सदस्यता ली। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़िया समाज पर हो रहे शोषण, अन्याय एवं उपेक्षा के विरुद्ध संगठित होकर जनआवाज़ को मजबूती प्रदान करना रहा।

इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने वर्तमान सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने वाला छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी एकमात्र ऐसा संगठन है, जो निस्वार्थ भाव से छत्तीसगढ़िया अस्मिता, स्वाभिमान एवं अधिकारों की रक्षा हेतु लगातार संघर्षरत है और आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाता रहा है।

कार्यक्रम के दौरान यह भी चर्चा की गई कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण हो जाने के बावजूद अपेक्षित सामाजिक, आर्थिक एवं प्रशासनिक सुधार आज तक पूर्ण रूप से साकार नहीं हो पाए हैं। इसी कारण संगठन जनजागरूकता, संगठनात्मक मजबूती एवं लोकतांत्रिक संघर्ष के माध्यम से अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ा रहा है।

सदस्यता अभियान में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला स्तर, खड़ स्तर के पदाधिकारी तथा आसपास के क्षेत्रों से आए सेनानीगण उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर छत्तीसगढ़िया अस्मिता, अधिकार एवं स्वाभिमान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

उल्लेखनीय है कि यह सदस्यता अभियान रायपुर ग्रामीण क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में निरंतर जारी है। वर्तमान में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल, प्रदेश सचिव दिनेश वर्मा तथा छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय यादव के जेल में होने के बावजूद संगठनात्मक गतिविधियाँ पूरी मजबूती के साथ संचालित की जा रही हैं।

संगठन ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ियों की आवाज को दबाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के पदाधिकारियों को बिना ठोस कारणों के जेल में डाला जा रहा है, किंतु यह स्पष्ट किया गया कि किसी भी परिस्थिति में छत्तीसगढ़ियावाद की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा और आगे भी चलता रहेगा।

## संपादकीय

# सुप्रीम कोर्ट ने वही किया जो सही है

देश में या किसी राज्य में जब भी सही गलत को लेकर विवाद होता है, न्याय और अन्याय को लेकर विवाद होता है तो सुप्रीम कोर्ट को ही इस बात का फैसला करना होता है कि सही क्या है और गलत क्या है,न्याय क्या है और अन्याय क्या है। यह सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वह देश व विवाद करने वाले पक्षों को बताए कि संविधान के अनुसार सही क्या है, क्या गलत है। पं. बंगाल के ईडी और दीदी के बीच का मामला भी सुप्रीम कोर्ट पहुंचना ही था क्योंकि हाईकोर्ट राज्य में होने के कारण राज्य सरकार ने अपने समर्थकों की भीड़ कोर्ट परिसर में एकत्र कर सुनवाई ही नहीं होने दी। कोर्ट को बताया गया कि टीएमसी की लीगल सेल ने वाट्सअप के जरिए कोर्ट के गेट पर लोगों को एकत्र किया और लोगों ने हंगामा किया ताकि कोर्ट ईडी व दीदी के मामले की सुनवाई ही न हो सके और ऐसा ही हुआ भी, इस पर सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी बिलकुल सही है क्योंकि इस प्रवृत्ति पर रोक नहीं लगाई तो हर राज्य में सरकार के खिलाफ कोई मामला कोर्ट में आएगा तो राज्य सरकार मामले में सुनवाई नहीं होने देगी। इससे गंभीर मामला तो ईडी की जांच में सीएम ममता बैनर्जी व बड़े अधिकारियों को मौके पर पहुंच कर जांच में बाधा डालना व सबूत वहां से उठाकर ले जाना है उस पर ईडी के अधिकारियों के खिलाफ राज्य में एफआईआर दर्ज करना है।इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में ईडी पर दर्ज की गई एफआईआर पर रोक लगा दी है क्योंकि राज्य पुलिस ईडी अधिकारियों की गिरफ्तारी कर उनको डरा सकती थी कि हमारे यहां छापा मारोगे तो हम तुम्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल सकते हैं। इसके बाद इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सीएम ममता बैनर्जी व राज्य के अधिकारियों को अधिकारियों को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट में ईडी ने जो याचिका दायर की है, उसमें गंभीर सवाल उठाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन सवालों पर कहा है कि यह वाकई गंभीर सवाल है यदि ऐसे मामले में हमने दखल नहीं दिया,जांच नहीं की गई तो पूरे देश में अराजकता फैल सकती है।क्योंकि अलग अलग राज्यों में अलग अलग दलों की सरकारें हैं। ईडी उनके खिलाफ किसी मामले की जांच करने राज्य में छापेमारी करती है तो वहां भी पं. बंगाल जैसी स्थिति पैदा हो सकता है। राज्य सरकार जांच में बाधा डाल सकती है, ईडी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सकती है। ऐसे में जहां भी दूसरे दलों की सरकारें हैं वहां ईडी के लिए किसी मामले की जांच करना संभव नहीं होगा। राज्यों में वैसा ही विवाद पैदा हो सकता है जैसा विवाद पं. बंगाल में हुआ है। ईडी का कहना है कि उसने राजनीतिक परामर्श संस्था आई पैक के दफ्तर व उसके सह संस्थापक प्रतीक जैन के के आवास पर छापा कोयला तस्करी से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में मारा था और सबूत जुटाने का प्रयास किया था।वहीं ममता बैनर्जी व टीएमसी का कहना है कि वे तो पार्टी के चुनावी डेटा की सुरक्षा के लिए वहां गए थे. टीएमसी ने यह भी आरोप लगाया था कि ईडी ने उनके चुनाव संबंधी दस्तावेज ले गई है लेकिन हाईकोर्ट ने इस बात नहीं माना क्योंकि ईडी ने साबित कर दिया कि वह कुछ लेकर ही नहीं गई जांच स्थल से। जांच स्थल से तो सीएम ममता बैनर्जी व अधिकारी दस्तावेज लेकर गए हैं। सुप्रीम कोर्ट में ईडी का पक्ष रखते हुए सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जो कहा उससे ममता की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। तुषार मेहता ने कहा कि पं. बंगाल का मामला बेहद चौकाने वाला है,जहां एक संवैधानिक पदाधिकारी (सीएम) केंद्रीय एजेंसी की तलाशी के दौरान परिसर में घुस जाती है वहां से फाइलें, डाटा लेकर चली जाती हैं।यह तो चोरी का अपराध है, इससे तो केंद्रीय एजेंसी बलों का मनोबल टूटेगा।राज्यों को लगेगा कि वह जांच स्थल में घुसकर चोरी कर सकते हैं, उसके बाद धरना भी दे सकते हैं। सीएम ममता के साथ जो भी अधिकारी उनको निलंबित किया जाना चाहिए। वहीं एडिशनल सालिसिटर जनरल ने एसवी राजू ने कहा कि यह तो चोरी, डकैती व लूट का मामला है,इसलिए सीबीआई जांच जरूरी है। कुल मिलाकर पं. बंगाल का मामला सुप्रीम कोर्ट में गया तो कम से कम यह तो साफ हो गया है कि ममता बैनर्जी जो किया है वह गलत किया है। इस तरह की स्थिति किसी दूसरे राज्य में न आए इसके लिए सुप्रीम कोर्ट को ही व्यवस्था करनी होगी और उम्मीद की जानी चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट ऐसी कोई व्यवस्था जरूरी करेगी ताकि किसी राज्य का सीएम जांच को रोक न सके।

### युवा जालसाज ट्रैवल एजेंटों के हाथों ठगी का शिकार हो रहे हैं जिनकी मात्र इसी महीने कई घटनाएं सामने आई हैं

# विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का जाल

**समसामायिक**

**मनोज कुमार अग्रवाल**



विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर हजारों युवाओं की जेब काटकर उनके सपनों को चकनाचूर करने का बड़ा षडयंत्र चल रहा है। विदेश मे जाकर नौकरी रोजगार कर बेशुमार दौलत कमाने का सपना किसे अच्छा नही लगता है? हर कोई चाहता है कि वह अच्छे पैसे कमाए और बेहतर जीवन जीए। इसी आशा में अपने सुखद भविष्य के सपने संजोकर अनेक युवा किसी भी तरीके से विदेश पहुंचने की कोशिश करते रहते हैं परंतु उनमें से अनेक युवक जालसाज ट्रैवल एजेंटों के हाथों ठगी का शिकार हो रहे हैं जिनकी मात्र इसी महीने कई घटनाएं सामने आई हैं।

आपको बता दें कि 14 जनवरी मेरठ शहर के आजाद चौक व कांधला क्षेत्र के छह युवकों को सिंगापुर और मलेशिया में मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी का झांसा देकर 26 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। यही नहीं, दो युवकों को फर्जी कागजात के आधार पर मलेशिया भेज दिया गया, जहां उन्हें 15 दिन तक बंधक बनाकर रखा गया। तीन जनवरी को दोनों युवक किसी तरह भारत लौटे। पीड़ितों ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। एसपी ने मामले की जांच शुरू करा दी है।

14 जनवरी नोएडा पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं को ठगने और साइबर अपराधियों के हवाले करने वाले फर्जी एजेंट शुभम को गिरफ्तार किया है. आरोपी सोशल मीडिया के जरिए पीड़ितों से पैसे वसूल करता था और उन्हें थाईलैंड, म्यांमार में साइबर स्लेवरी में फंसा देता था. पुलिस आरोपी के नेटवर्क और अन्य सहयोगियों की गहन जांच कर रही है.

14 जनवरी को ही दुबई में फंसे उत्तराखंड रुद्रपुर के चार युवकों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर पुलिस से गुहार लगाई है. जिसके बाद एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने मामले की जांच सौंपते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं.

4 जनवरी, 2026 को ‘सहारनपुर’ (उत्तर प्रदेश) में एक एजेंट द्वारा विदेश जाने के इच्छुक युवक को अमरीका पहुंचाने का वायदा करके उससे 60 लाख रुपयों की ठगी करने का मामला सामने आया। शिकायतकर्त्ता के अनुसार पहले उसे दुबई ले जाया गया और वहां से अजरबैजान भेज दिया। 6 जनवरी को ‘जम्मू’ में ‘अनिल किशोर’ नामक एक पीड़ित ने एक ट्रैवल एजैंट मां-बेटे के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाई कि आरोपियों ने उसे ‘कम्बोडिया’ का वर्क वीजा दिलाने के नाम पर उससे 1.20 लाख रुपए लिए थे परंतु न तो वीजा दिलवाया और न ही रकम वापस की गई।




6 जनवरी को ही ‘नवादा’ (बिहार) में ‘एजाजुल हसन’ नामक युवक ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 1 लाख 30 हजार रुपए ठगने के आरोप में ठग ट्रैवल एजैंट के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

6 जनवरी को ही ‘फतेहपुर’ (उत्तर प्रदेश) में एक युवक को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे 1.40 लाख रुपए ठग लेने के आरोप में एक ठग ट्रैवल एजैंट को गिरफ्तार किया गया।

7 जनवरी को ‘हमीरपुर’ (हिमाचल प्रदेश) के भोरंज में विदेश में नौकरी दिलवाने के नाम पर एक युवक से ठगी का मामला सामने आया। आरोप है कि बोगस ठग ट्रैवल एजैंट ने उक्त युवक को ‘थाईलैंड’ में अच्छी नौकरी दिलवाने का लालच देकर वहां भेजने की बजाय ‘म्यांमार’ भेज दिया।

7 जनवरी को ही एक व्यक्ति ने ‘चंडीगढ़’ के सैक्टर 17 थाने में ‘कनाडा’ का वर्क परमिट दिलाने का झांसा देकर उससे 18 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में एक ट्रैवल एजैंट के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाई।

7 जनवरी को ही ‘पंचकूला’ (हरियाणा) में ‘एंटी इमीग्रेशन फ्राड यूनिट’ ने शिकायतकर्ता को स्टडी वीजा दिलाने का झांसा देकर उससे 13 लाख रुपए ठग लेने के आरोप में एक बोगस ट्रैवल एजैंट को गिरफ्तार किया।

7 जनवरी को ही ‘कौशाम्बी’ (उत्तर प्रदेश) में एक व्यक्ति को विदेश भेजने के बहाने उससे 60,000 रुपए ठग लेने के आरोप में पुलिस ने एक ठग ट्रैवल एजेंट के विरुद्ध केस दर्ज किया। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने उसे विदेश नहीं भेजा और अपने पैसे वापस मांगने पर गंभीर परिणामों की धमकियां देनी शुरू कर दीं।

7 जनवरी को ही ‘प्रयागराज’ (उत्तर प्रदेश) में एक युवक को ‘सऊदी अरब’ में नौकरी दिलवाने के बहाने एक ट्रैवल एजैंट द्वारा उससे 1.25 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया। आरोपी ने न तो उसे वीजा दिलवाया और न ही नौकरी दिलवाई तथा बाद में उसका फोन उठाना भी बंद कर दिया।

7 जनवरी को ही ‘गोपालगंज’ (बिहार) में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने छापेमारी करके विदेश में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर लोगों को ठगने वाले एक फर्जी ट्रैवल एजेंट ‘मृत्युंजय सिंह’ को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 349 भारतीय पासपोर्ट बरामद किए।

ये तो सिर्फ चंद घटनाओं की बानगी है आजकल रोजाना सैकड़ों युवाओं से विदेश में पढ़ाई रोजगार के नाम पर ठगी का बड़ा धंधा चल रहा है

ऐसी घटनाओं के दृष्टिगत जरूरी है कि विदेश जाने के इच्छुक लोग पहले संबंधित कम्पनी, एजेंट और दस्तावेजों की पूरी जांच-पड़ताल अवश्य करें और केवल अधिकृत एवं पंजीकृत एजेंटों के माध्यमों से ही विदेश जाएं।

इमीग्रेशन नियमों में हो रही सख्ती और बिगड़ रही अर्थव्यवस्था के कारण वैसे भी विदेश में बसना मुश्किल हो गया है। कनाडा और अमरीका के अलावा यूरोप में भी इमीग्रेशन कानून सख्त हो रहे हैं।

अतः जितनी रकम माता-पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने पर खर्च करते हैं, उतनी ही रकम भारत में खर्च करके वे अपने बच्चों को अच्छा कारोबार शुरू करवा दें ताकि वे अपने साथ-साथ दूसरों के लिए भी रोजगार व आय के साधन पैदा करके देश में बेरोजगारी दूर कर सकें।जरा सा असावधानी से न सिर्फ माँ बाप के खून पसीने की कमाई जालसाज हड़प लेंगे वरन विदेश पहुच कर साइबर स्लेवरी के शिकार भी बन सकते हैं वहा हजारों पढे लिखे नौजवान संडास की सफाई और जबरन युद्ध के मैदान मे भी उतार दिए गए हैं जिस कारण उनका सुरक्षित वापस लौटना भी भगवान भरोसे है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

# अभाव का उत्सव

**कटाक्ष**

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा ‘उरतृप्त’**



रात के सन्नाटे में घड़ी की सुइयां जब एक-दूसरे पर चढ़ीं, तो लगा जैसे समय भी थककर सुस्ता रहा है। शरद ने ड्राइंग रूम की ‘इटैलियन मार्बल’ वाली ठंडी फर्श पर अपने पैर रखे। उसे लगा जैसे वह किसी बर्फीली झील पर चल रहा हो। बगल के कमरे से उसकी माँ, शारदा जी के खाँसने की आवाज़ आई—एक ऐसी सूखी, नपी-तुली खाँसी जिसे सुनकर कोई भी कह दे कि यह बीमारी से ज़्यादा ‘स्मृति’ दिलाने के लिए है। शरद दबे पाँव उनके कमरे के पास गया। दरवाज़ा थोड़ा खुला था। कमरे में मखमली गद्दे वाला ‘किंग साइज’ बेड खाली पड़ा था, और नीचे ज़मीन पर एक पुरानी, खुरदरी दरी बिछी थी। शारदा जी उसी पर लेटी थीं। सिर के नीचे तकिया नहीं, बल्कि एक मोटी धार्मिक किताब थी जिसे उन्होंने तौलिए में लपेट रखा था।

माँ, बेड पर क्यों नहीं सोईं? कमर में दर्द हो जाएगा, शरद ने लगभग फुसफुसाते हुए कहा।

शारदा जी ने आँखें नहीं खोलीं। धीमी आवाज़ में बोलीं, गद्दे में देह धंसती है बेटा, तो मन भी धंस जाता है। ज़मीन सख्त है, तो याद रहता है कि अभी सफर बाकी है। तू जा, अपनी रुई की गुफा में सो जा। यह ‘रुई की गुफा’ शब्द शरद के कलेजे में सुई की तरह चुभा। पिछले महीने उसने माँ के लिए तीन लाख की लागत से कमरे का कायाकल्प करवाया था, ताकि उन्हें बुढ़ापे में वह आराम मिल सके जो उन्होंने जवानी के अभावों में खो दिया था। पर माँ ने उस कमरे को ‘असंग्रहालय’ बना दिया था। अगली सुबह नाश्ते की मेज पर सन्नाटा था। शरद की पत्नी ने बड़े जतन से ओट्स और ताजे फल सजाए थे। शारदा जी अपनी कोठरी से निकलीं। उनके हाथ में एक लोहे की पुरानी कटोरी थी, जिसमें रात की बची हुई दो सूखी रोटियां थीं। अरे माँ, यह क्या? गरम परांठे बन रहे हैं, फल खाइए न, पत्नी ने चिढ़कर कहा। शारदा जी ने एक फीकी मुस्कान बिखेरी, जो पेट कल के जूठे से भर जाए, उसके लिए ताज़ा चूल्हा जलाना पाप है। तुम लोग खाओ छप्पन भोग, मुझे तो इसी बासी में तृप्ति मिलती है।

उस दिन शरद को अपना ‘ब्रेकफास्ट’ मिट्टी जैसा लगा। माँ ने बड़ी सादगी से यह साबित कर दिया था कि घर में वही अकेली ‘संयमी’ हैं और बाकी सब विलासिता के कीचड़ में लोट रहे हैं। दोपहर को शरद ने देखा कि माँ धूप में बैठी फटी हुई पुरानी साड़ियों के पैबंद जोड़ रही हैं। माँ, कल ही तो आपको पाँच नई सिल्क की साड़ियाँ लाकर दी थीं। उन्हें पहनिए न! शरद ने झुंझलाकर कहा। माँ ने चश्मे के ऊपर से उसे देखा। उनकी आँखों में एक ‘पवित्र करुणा’ थी, बेटा, नई साड़ी तन ढँकती है, पुरानी यादें ढँकती है। इन फटे टुकड़ों में तेरे बाप की पसीने की गंध है। तू बड़ा आदमी बन गया, पर तुझे क्या पता कि गरीबी की सिलाई कितनी मज़बूत होती है।

शरद हार गया। वह समझ गया कि माँ को साड़ियों की ज़रूरत नहीं थी, उन्हें उस ‘दिखावटी दरिद्रता’ की ज़रूरत थी जिसके सहारे वह पूरे घर पर एक नैतिक दबाव बनाए रख सकें। वह ‘शहीद’ होने का सुख ले रही थीं। वह जताना चाहती थीं कि उनके बच्चे चाहे जितने महल खड़े कर लें, वह आज भी उसी ‘संघर्ष के टापू’ पर खड़ी हैं जहाँ से उन्होंने शुरुआत की थी। शाम को शरद का बेटा आया और बोला, दादी, चलिए आपको बड़े वाले मॉल ले चलता हूँ, वहाँ नया गेमिंग ज़ोन खुला है। शारदा जी ने उसके सिर पर हाथ फेरा और बोलीं, बेटा, उन शीशे के घरों में सांस घुटती है। तू जा, मैं मंदिर की सीढ़ियों पर बैठूँगी। वहाँ जो भिखारी बैठते हैं, उनके साथ बैठने में जो सुकून है, वो तेरे सोफे में कहाँ! रात को शरद ने अपनी डायरी में लिखा— ‘माँ हमें प्यार नहीं करतीं, वह हमारे अपराधबोध की खेती करती हैं। वह जानती हैं कि जब तक वह ज़मीन पर सोएंगी, हम बेड पर करवटें बदलते रहेंगे। जब तक वह बासी रोटी खाएंगी, हमारा शाही पनीर बेस्वाद रहेगा। उनका त्याग हमारा सबसे बड़ा दंड है।’

अगले दिन शरद ने माँ के कमरे से वह महँगा बेड निकलवा दिया, एयर-कंडीशनर हटवा दिया और वहाँ एक पुरानी खाट डलवा दी। उसने सोचा कि शायद अब माँ खुश होंगी।

पर शाम को जब वह घर लौटा, तो देखा कि माँ अब खाट पर नहीं, बल्कि गैलरी के ठंडे फर्श पर एक टाट का बोरा बिछाकर लेटी थीं। उनके चेहरे पर अब पहले से भी ज़्यादा गहरा ‘संतोष’ और ‘विजय’ की चमक थी। उन्होंने शरद को देखकर कहा, तूने बिस्तर छीन लिया, अच्छा किया। अब मोक्ष के और करीब हूँ।

शरद सिर पकड़कर बैठ गया। उसे समझ आ गया था कि वह कभी नहीं जीत सकता। माँ ने ‘अभाव’ का वह सिंहासन पा लिया था, जहाँ से वह पूरे घर की खुशियों को अपनी ‘सादगी’ से रोज़ नीचा दिखा सकती थीं। अगले महीने शरद ने माँ के नाम पर एक वृद्धाश्रम में भारी दान दिया, ताकि वह अपनी आत्मा को तसल्ली दे सके, जबकि माँ घर के कोने में बैठकर अपनी फटी साड़ी को एक और पैबंद लगा रही थीं—यह सुनिश्चित करने के लिए कि घर का हर सदस्य उन्हें देखकर अपराधबोध के बोझ से झुका रहे।

## राशिफल

**मेष:** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज कुछ मुश्किलें रहेंगी, लेकिन आप सकारात्मक सोच रख कर उनका हल निकाल लेंगे। घर में व्यवस्था बनाए रखने तथा रखरखाव संबंधी कार्यों में व्यस्तता रहेगी। किसी नजदीकी व्यक्ति की समस्या में उसका सहयोग करने से खुशी मिलेगी। लवमेट के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा।

**वृष:** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपनी काबिलियत के दम पर अच्छे लोगों के साथ रिश्ते को मजबूत बनायेंगे। किसी भी कार्य में दूसरों की मदद से अपेक्षा न करें तथा अपनी योग्यता पर ही विश्वास रखें, आपको निश्चित फायदा होगा। वित्तीय मामलों को लेकर लिया गया निर्णय फायदेमंद साबित होगा।

**मिथुन:** आज आपका दिन एक नयी उमंग लेकर आयेगा। इस राशि की महिलाएं अपने मान-सम्मान को लेकर विशेष रूप से सजग रहेगी तथा दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही प्राथमिकता देगी। आपके काम को लेकर आपके परिवार वाले तारीफ करेंगे। आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको अपने मेहनत का फल जरूर मिलेगा।

**कर्क:** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। कारोबारी गतिविधियों में समय अनुसार बदलाव की जरूरत है। इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान खरीदने का विचार बना रहे, लोगों के लिए आज अच्छा समय है। परिवारजनों के साथ सुखद समय व्यतीत होगा। आज मनोरंजन का प्रोग्राम बनेगा। आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**सिंह:** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। किसी काम में उनकी मदद भी मिलेगी। आप कुछ नये विचारों पर काम करेंगे। ये विचार आपको अधिक मुनाफा देंगे। आप अपने स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखेंगे। अपने लक्ष्य पर फोकस करेंगे तो जल्दी ही आपको सुखद परिणाम मिलेंगे।

**कन्या:** आज आपका दिन शानदार रहेगा। जॉब के लिए आपको किसी अधिकारी का पूरा सहयोग मिलेगा। तरक्की के नए रास्तें खुलेंगे। ऑफिस में सब आपके काम की तारीफ करेंगे, बॉस आपको शाबाशी देंगे। राजनीति में आपको कुछ नया अनुभव मिलेगा। आज आप किसी धार्मिक फंक्शन में जा सकते हैं।

**तुला:** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज अनावश्यक खर्चों पर कटौती करने से आपकी आर्थिक समस्या काफी हद तक सुलझ सकती है। आप अपनी महत्वपूर्ण वस्तुएं संभाल कर रखें। कारोबारी गतिविधियां व्यवस्थित रहेगी, लेकिन लेनदेन संबंधी मामलों को सावधानी रखें। स्टूडेंट्स का दिन आज बिजी रहेगा।

**वृश्चिक:** आज का दिन बेहतर रहेगा। आप अपने विनम्र व्यवहार से सबका दिल जीतेंगे। किसी भी चुनौती का आप सूझबूझ से समाधान निकाल लेंगे। व्यस्तता के बावजूद आप अपने व्यक्तिगत कार्यों को भी सहज तरीके से निपटा लेंगे। आज लाभ के मौके मिलने पर ज्यादा सोच-विचार करने के बजाय तुरंत उसे हासिल करें।

**धनु:** आज आपका दिन लकी रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। सफलता के अच्छे अवसर जल्द ही मिलेंगे। आज सरकारी नौकरी में चल रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। घर के वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ्य और मान-सम्मान का ध्यान जरूर रखें तथा उनके मार्गदर्शन पर अमल करें।

**मकर:** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। प्रियजनों से मिलना आपके लिए खुशी का माहौल बनाएगा। आपको आपकी मनपसन्द वस्तु मिलेगी, जिससे आप बहुत ही अधिक प्रसन्न होंगे। आज पिछले कुछ समय से चल रही समस्या का समाधान मिलेगा और आप अपने अन्य कामों पर भी ध्यान दे पाएंगे। परिवारजनों के साथ घर के रखरखाव संबंधी योजनाएं बनेंगी।

**कुंभ:** आज आपका दिन बेहद खुशनुमा रहेगा। आज अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद आप परिवार और व्यवसाय में उचित सामंजस्य बनाकर रखेंगे। अपना उत्साह बनाए रखें क्योंकि लापरवाही की वजह से कई मौका हाथ से निकल जायेंगे। कारोबार में नई गतिविधियों पर काम करने के लिए दिन अच्छा है, लेकिन अच्छे नतीजे के लिए धैर्य रखना होगा।

**मीन:** आज आपका दिन सुनहरा रहेगा। वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन मिलने की वजह से कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आपको आसानी होगी। भावनाओं में बहकर आप अपनी महत्वपूर्ण बात किसी के साथ शेयर न करें। कुछ समय बच्चों की परेशानियों को सुलझाने के लिए भी अवश्य निकालें। इससे उनका मनोबल बढ़ेगा।

# ग्लोबल वार्मिंग की चेतावनी अब हकीकत बन चुकी है

**चिंतन**

**सुनील कुमार महला**



धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसके दुष्परिणाम अब पूरी दुनिया में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। इसी क्रम में यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा (सीएएस) ने 14 जनवरी 2026 को जलवायु परिवर्तन को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की। रिपोर्ट के अनुसार, यह इतिहास में पहली बार हुआ है जब लगातार तीन वर्षों-2023, 2024 और 2025 के दौरान वैश्विक औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। वर्ष 2025 रिकॉर्ड में तीसरा सबसे गर्म वर्ष रहा, जो वर्ष 2023 से 0.01 डिग्री सेल्सियस और 2024 से 0.13 डिग्री सेल्सियस ठंडा था। गौरतलब है कि वर्ष 2024 सबसे गर्म और वर्ष 2023 दूसरा सबसे गर्म वर्ष रहा, जबकि पिछले 11 वर्ष अब तक के सबसे गर्म वर्षों की सूची में शामिल हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2025 में अंटार्कटिका ने अब तक का सबसे गर्म साल दर्ज किया, जबकि आर्कटिक क्षेत्र दूसरे स्थान पर रहा। तापमान में इस असामान्य वृद्धि के कारण दुनिया भर में भीषण तबाही देखने को मिली। भारत और पाकिस्तान में मानसूनी बारिश और बाढ़ से एक हजार से अधिक लोगों की जान गई। वैज्ञानिकों ने इस गर्मी के लिए दो प्रमुख कारण बताए हैं–पहला, ग्रीनहाउस गैसों जैसे कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, जलवाष्प, ओजोन और फ्लोरोन युक्त गैसों का लगातार बढ़ता उत्सर्जन, और दूसरा, अल-नीनो की सक्रियता के साथ महासागरों की सतह का रिकॉर्ड स्तर तक गर्म होना। अल-नीनो एक प्राकृतिक जलवायु घटना है, जिसमें प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी हिस्से का समुद्री सतही तापमान सामान्य से अधिक बढ़ जाता है, जिससे वैश्विक मौसम प्रणाली प्रभावित होती है। भारत में अल-नीनो के दौरान मानसून कमजोर पड़ सकता है, जिससे कम वर्षा, सूखा और अत्यधिक गर्मी की स्थिति बनती है, जबकि दुनिया के अन्य हिस्सों में भारी वर्षा और बाढ़ जैसी आपदाएँ देखने को मिलती हैं।

धरती के बढ़ते तापमान का ताज़ा उदाहरण उत्तराखंड का ओम पर्वत है, जो आमतौर पर जनवरी महीने में मोटी बर्फकी चादर से ढका रहता है। वर्ष 2026 में, लगभग 15,700 फीट की ऊँचाई पर स्थित यह पवित्र पर्वत शीतकाल के बीचों-बीच भी लगभग बर्फविहीन नजर आ रहा है। ऊँचे हिमालयी क्षेत्रों में पर्याप्त बर्फबारी न होने के कारण पर्वत का निचला और मध्य हिस्सा काला दिखाई दे रहा है। पहले अगस्त-सितंबर में बर्फका न होना असामान्य माना जाता था, लेकिन अब जनवरी में भी यही स्थिति सामने आना जलवायु परिवर्तन की गंभीर चेतावनी है।

वर्ष 2025 में बढ़ते वैश्विक तापमान के कारण पृथ्वी पर भारी तबाही देखी गई। औद्योगिक क्रांति से पहले के स्तर की तुलना में औसत वैश्विक तापमान लगभग 1.47 से 1.48 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा, जिससे यह वर्ष अब तक का तीसरा सबसे गर्म साल बन गया। इसके परिणामस्वरूप हीटवेव, बाढ़, तूफान और सूखे जैसी आपदाओं से वैश्विक आर्थिक नुकसान 120 बिलियन डॉलर से अधिक पहुँच गया। अकेले कैलिफोर्निया की जंगल की आग से लगभग 60 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ और 400 से अधिक लोगों की जान चली गई।



एशिया में भारत और पाकिस्तान की बाढ़ ने लगभग 1,860 से अधिक लोगों की मौतें दर्ज कीं और करीब 5.6 बिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ, जबकि पाकिस्तान में 70 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। एक प्रतिष्ठित पत्रिका के अनुसार, भारत में 2025 के पहले 11 महीनों में 334 में से 331 दिनों पर कहीं न कहीं चरम मौसम की घटनाएँ दर्ज की गईं। इन घटनाओं में लगभग 4,419 लोगों की मौत हुई, 1.74 करोड़ हेक्टेयर फसल बर्बाद हुई और 1.81 लाख से अधिक घरों को नुकसान पहुँचा।

भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में ग्लोबल वार्मिंग का असर और भी तेज़ी से दिखाई दे रहा है। हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र में तापमान वृद्धि की दर वैश्विक औसत से अधिक है, जिसके कारण ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, लद्दाख के ज़ांस्कर क्षेत्र में स्थित डुरुंग-द्रुंग ग्लेशियर 2015 से 2023 के बीच लगभग 165 मीटर पीछे हट चुका है। डाउन टू अर्थ पत्रिका के अनुसार, हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र के ग्लेशियर 2011 से 2020 के दौरान पिछले दशक की तुलना में 65 प्रतिशत तेज़ी से सिकुड़े हैं, और यदि तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ता है तो सदी के अंत तक लगभग 45 से 50 प्रतिशत बर्फ समाप्त हो सकती है।

ग्लेशियर और बर्फ पहाड़ों में जल का प्राकृतिक भंडार होते हैं। सर्दियों की बर्फ धीरे-धीरे पिघलकर साल भर नदियों को पानी देती है, लेकिन बढ़ते तापमान के कारण अब बर्फ कम गिर रही है और जल्दी पिघल भी रही है। बर्फकी जगह बारिश हो रही है, जो तुरंत बह जाती है, जिससे बारिश और बर्फका संतुलन बिगड़ रहा है। डाउन टू अर्थ के अनुसार, वर्ष 2100 तक सर्दियों में बर्फबारी लगभग 25.8 प्रतिशत और वसंत में लगभग 54.1 प्रतिशत तक कम हो सकती है, जिससे भविष्य में जल संकट, सूखा और अचानक बाढ़ जैसी समस्याएँ और गंभीर होंगी।

हिमालयी ग्लेशियरों से निकलने वाला पानी गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी प्रमुख नदियों का आधार है। बर्फमें कमी का सीधा अर्थ है गर्मियों में नदियों में कम पानी, गिरता भूजल स्तर और कृषि पर बढ़ता संकट। आज उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख जैसे क्षेत्रों में जलस्रोत सूख रहे हैं, जिससे गाँवों का परित्याग, कृषि संकट और आजीविका पर खतरा बढ़ रहा है।

ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव अब केवल पर्वतीय क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहा है। भारत के मैदानी, तटीय और शहरी इलाकों में भी इसके दुष्परिणाम स्पष्ट हैं। वर्ष 2025 में देशभर में 270 से अधिक दिनों तक चरम मौसम की घटनाएँ दर्ज की गईं। फरवरी 2025 पिछले 124 वर्षों में सबसे गर्म महीना रहा, जबकि गर्मी के मौसम में भारत-पाकिस्तान क्षेत्र में कई स्थानों पर तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया। एक अध्ययन के अनुसार, भारत के 85 प्रतिशत से अधिक जिले अब बाढ़, सूखा और चक्रवात जैसी चरम जलवायु घटनाओं के जोखिम में हैं।

इन लगातार बढ़ते प्रभावों के चलते ग्लोबल क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स-2026 में भारत को दुनिया के सबसे अधिक प्रभावित देशों में नौवाँ स्थान मिला है। संक्षेप में, यह स्पष्ट है कि ग्लोबल वार्मिंग अब केवल तापमान वृद्धि तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह मानव जीवन, कृषि, जल संसाधन, बुनियादी ढाँचे और अर्थव्यवस्था पर गहरा और विनाशकारी प्रभाव डाल रही है। वर्ष 2025 इस बात का स्पष्ट संकेत है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह संकट भविष्य में और अधिक भयावह रूप ले सकता है।

## शब्द-सामर्थ्य 287

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :** 1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गैरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे** 1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 287 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

## सु-दोकू 287

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.287 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

### धर्मशालाओं में चहुंओर पसरी गंदगी, दीवारों में पड़ी सीलन, बिजली के बोर्ड भी उखड़े, वॉश बेसिन में पानी नहीं, शौचालय का दरवाजा गायब

# नगर की दोनों दंतेश्वरी धर्मशालाएं बदहाल, बुनियादी सुविधाएं नहीं, मजबूरी में रुक रहे श्रद्धालु










■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 16 जनवरी।** शक्तिपीठ दंतेवाड़ा की पहचान ही बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी देवी से है। यहां सालों भर दूर दराज क्षेत्र से तथा विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु माईजी के दर्शन पूजन के लिए आते रहते हैं। श्रद्धालु जब मां के दर्शन पूजन को आते हैं तो वे दंतेवाड़ा के अलग अलग प्राकृतिक सुंदरता, नदी, झरनों, वाटरफाल, बारसूर में स्थित प्राचीन मंदिरों, गुफाओं तालाबों को निहारने भी जाते हैं। नगर में माईजी के नाम से दो धर्मशालाएं बनी हुई हैं। ऐसे में श्रद्धालु रूकने, ठहरने के लिए इन्हीं दोनों धर्मशालाओं का सहारा लेते हैं। मगर दुर्भाग्य से आज ये दोनों धर्मशालाएं बदहाल एवं पुरी तरीके से सुविधाविहीन हो चुकी है। इसके लिए जिम्मेदार यहां की टेम्पल एस्टेट कमेटी एवं मंदिर समिति से जुड़े लोग हैं जो कभी भी इन धर्मशालाओं की सुध नहीं लेते ना ही ये देखने की जहमत उठाते हैं कि यहां क्या कमी है। श्रद्धालुओं को क्या दिक्कत हो रही है इससे मंदिर समिति के लोगों को कोई सरोकार नहीं होता। माईजी के नाम पर स्थापित इन धर्मशालाओं की हालत आज किसी से भी छिपी नहीं है। यहां की धर्मशालाएं सरकारी रैन बसेराओं से भी ज्यादा बदतर हालत में है जो बेहद ही शर्मनाक है। माईजी के दर्शन पूजन को आने वाले श्रद्धालु जब यहां की बदहाल धर्मशालाओं में ठहरते हैं तो यहां से जाकर यकीनन वो इसकी बुराई अपने लोगों से करते होंगे। इससे माईजी के नाम पर बसे नगर की बदनामी तो होती ही है साथ ही नाम एवं प्रतिष्ठा भी धुमिल होती है।

गौरतलब है कि नगर की दोनों धर्मशालाओं की बात करें तो एक सबसे पुरानी दंतेश्वरी धर्मशाला मेन रोड पर स्थित है जो अब काफी जर्जर हो चुका है। जिसे अब कुछ महिनों बाद डिस्मेंटल भी कर दिया जाएगा। इस धर्मशाला के पीछे ही भक्त निवास नाम से एक नया धर्मशाला का निर्माण चल रहा है जो कुछ महिनों बाद बनकर तैयार हो जाएगा। इस धर्मशाला की स्थिति भी काफी जर्जर अवस्था में पहुंच गई है। वहीं दुसरे धर्मशाला की बात करें तो दुसरा धर्मशाला मंदिर कारीडोर मार्ग पर ही स्थित है। जिसे नवीन धर्मशाला के नाम से लोग जानते हैं। इसका निर्माण वर्ष 2007 में हुआ था। इस धर्मशाला को भी करीब 18 साल हो चके हैं। बहुत ज्यादा समय भी नहीं बीता है और आज धर्मशाला की स्थिति बदहाल हो गई है। इसका मुख्य कारण यह है कि टेंपल कमेटी कभी भी धर्मशालाओं की रिपेयरिंग, मेंटनेंस, साफ सफाई, रंगाई पुताई इत्यादि पर ना ही खर्च करती है और न ही इस ओर कभी ध्यान देती है। ध्यान नहीं देने एवं मेंटनेस नहीं होने से धीरे धीरे धर्मशाला की दरों दीवारे खराब होते चले गए। नवीन दंतेश्वरी धर्मशाला में नीचे उपर मिलाकर कुल 4 हाल एवं 10 कमरे बने हैं। आज आलम यह कि इन धर्मशालाओं में पुरी तरह से बुनियादी सुविधाओं की कमी है। श्रद्धालुओं के पीने के लिए साफ पानी ही उपलब्ध है ना ही कमरों में साफ सफाई दिखाई पड़ता है। दीवारों में सीढ़न इस कदर पड़ चुकी है कि अंदर प्रवेश करते ही सीढ़न की बदबू से सामना श्रद्धालुओं को करना पड़ता है। कमरों में लगे इलेक्ट्रीक बोर्ड भी उखड़ कर टूटकर लटकते झुलते दिखाई पड़ते हैं। सबसे जरूरी लेट बाथ हर किसी के लिए होता है। बताते चलें कि यहां के शौचालय के दरवाजे टूटकर सड़ चुके हैं जो सालों से नहीं बदले गए हैं। अधिकांश बाथरूम के दरवाजे सड़ चुके हैं । यहां ठहरने वालों को शौच भी खुले में ही करना पड़ता है। शौचालय के कमरों में अथाह गंदगी पसरी पड़ी है। खिड़कियों के लोहे के पल्ले जंग लगकर सड़कर टूट चुके हैं। वॉश बेसिन में नल तो है पर इसमें पानी नहीं आता। कीचन भी बेहद गंदा है। हाल में लोगों को सोने के लिए बिना कव्हर वाले थर्मोकोल के गंदे, बदबूदार गददे एवं चददर दिए जाते हैं। धर्मशालाओं की दवारों पर हाथ लगाओं तो इसमें लगा चुना, पुटटी झड़कर गिरने लगता है। कुल मिलाकर कहें तो मां दंतेश्वरी देवी के नाम पर बने इन धर्मशालाओं में किसी भी प्रकार की सुविधा श्रद्धालुओं को नहीं मिल रही जिनके वो हकदार हैं। बातते चलें कि टेम्पल एस्टेट कमेटी के अध्यक्ष स्वयं जिले के कलेक्टर होते हैं। सचिव यहां के एसडीएम एवं व्यवस्थापक तहसीलदार होते हैं। पूरा जिला प्रशासन ही एक तरह से इन धर्मशालाओं का कर्ताधर्ता है। बादजूद धर्मशालाओं की स्थिति बद से बदतर हालात में क्यों है? बेचारे श्रद्धालु मजबूरी में सुविधाविहीन जर्जर एवं बदहाल धर्मशालाओं में रात गुजारने को मजबूर होते हैं। नवरात्रि, फागुन मेला एवं अन्य तीज त्यौहार के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दंतेवाड़ा पहुंचते हैं ऐसे में कम दर पर धर्मशाला में ही ठहरना एक मात्र विकल्प उनके पास रहता है। जिम्मेदारों की अकर्मयता एवं लापरवाही से आज माईजी के नाम पर बने इन धर्मशालाओं की बदहाली देख काफी दुख होता है। आखिर कब जवाबदेह अधिकारियों की आंखें खुलेंगी और वे सरकारी फाईलों से निकलकर थोड़ा समय धर्म के नाम पर स्थापित, आराध्य देवी के नाम पर बने इन धर्मशालाओं की सुध लेंगे यह देखने वाली बात होगी।

## एक नजर

### स्कूलों में 19-20 जनवरी को स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**दंतेवाड़ा,16 जनवरी ।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत गणना चरण पूर्ण होने के बाद दावा, आपत्ति प्राप्त करने की अवधि 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है।एसआईआर-2026 के तहत 23 दिसंबर 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हो पाए पात्र मतदाताओं के साथ-साथ 01 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम जोड़ने हेतु घोषणा पत्र सहित निर्धारित प्रपत्र-6 में अग्रिम आवेदन भी आमंत्रित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विद्यालयों में बच्चों को जागरूक करने हेतु स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में रंगोली, वाद-विवाद, निबंध, चित्रकला, नाटक-नुक्कड़ जैसे गतिविधियों के माध्यम से मतदान के महत्व की जानकारी दी जाएगी। जिन छात्र-छात्राओं की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है या 01 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष पूर्ण होने वाली है, उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु बीएलओ एवं अभिहित अधिकारी द्वारा मौके पर ही प्रपत्र-6 भरवाया जाएगा। जिले के प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान में 19 एवं 20 जनवरी 2026 को यह कार्यक्रम आयोजित करना अनिवार्य किया गया है। साथ ही संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को देवें।

### जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में पहली बार सफल एडवांस्ड जॉइंट नी रिप्लेसमेंट सर्जरी

**दंतेवाड़ा,16 जनवरी।** जिला अस्पताल दंतेवाड़ा ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचते हुए पहली बार एडवांस्ड टोटल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। इस उपलब्धि के साथ अब जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को जटिल हड्डी रोग संबंधी सर्जरी के लिए रायपुर, हैदराबाद,विशाखापटनम अथवा नागपुर जैसे बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। यह सफलता दंतेवाड़ा अंचल की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।इस ऐतिहासिक सर्जरी की लाभार्थी 45 वर्षीय विकासखंड कुआकोंडा महारापारा की निवासी श्रीमती शांति है।जो लंबे समय से दाएं घुटने के गंभीर दर्द और चलने-फिरने में कठिनाई से पीड़ित थीं। जांच में उन्हें गंभीर ऑस्टियोआर्थराइटिस से ग्रसित पाया गया, जिसके पश्चात 06 जनवरी 2026 को उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा 13 जनवरी 2026 को उनका दाएं घुटने का टोटल नी रिप्लेसमेंट ऑपरेशन किया गया, जो पूर्णतः सफल रहा। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति स्थिर है और वे तेजी से स्वस्थ हो रही हैं। ऑपरेशन का नेतृत्व करने वाले जिला अस्पताल के ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. पुष्पेंद्र ने बताया कि टोटल नी रिप्लेसमेंट एक अत्याधुनिक शल्य चिकित्सा प्रक्रिया है, जिसमें क्षतिग्रस्त घुटने के जोड़ को विशेष रूप से डिजाइन किए गए कृत्रिम इम्प्लांट से बदला जाता है। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से मरीज को लंबे समय से चले आ रहे दर्द से राहत मिलती है और उनकी गतिशीलता में उल्लेखनीय सुधार होता है।

### विधायक चैतराम अटामी ने किया जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में ग्रामीण हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान राशि का वितरण

**दंतेवाड़ा,16 जनवरी।** कार्यालय जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में आज विधायक श्री चैतराम अटामी जी द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान प्राप्त मांगों के आधार पर ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद एवं पात्र हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान राशि का वितरण चेक के माध्यम से किया गया। उल्लेखनीय है कि स्वेच्छानुदान राशि शासन द्वारा विशेष परिस्थितियों में जरूरतमंद नागरिकों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता है, जिसका उद्देश्य बीमारी, उपचार, आपदा अथवा अन्य सामाजिक-आर्थिक संकट की स्थिति में आमजन को त्वरित राहत प्रदान करना है। इस सहायता से ग्रामीण परिवारों को तत्काल सहयोग प्राप्त होता है।कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत दंतेवाड़ा श्री प्रदीप पटेल सहित जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।

### सुशासन का दावा करने वाले साय सरकार में भाजपाई कर रहे गुंडागर्दीः सलीम रजा

## गीदम थाने के अंदर पत्रकार से गाली-गलौज, बेटे से मारपीट की कांग्रेस ने की कड़ी निंदा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम, 16 जनवरी ।** दन्तेवाड़ा जिले के गीदम थाने के अंदर 14 जनवरी की रात्रि पत्रकार पर हुई अश्लील गाली गलौच व पत्रकार के बेटे के साथ हुई मारपीट को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने गीदम रेस्ट हाउस में हुई प्रेसवार्ता के दौरान कड़ी निंदा की है । इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सलीम रजा उस्मानी ने कहा कि बचेली के पत्रकार डीएम सोनी बुधवार रात किसी कारणवश गीदम थाना गए थे, वहाँ पर पत्रकार के साथ थाने के अंदर घुसकर भाजपाइयों ने अश्लील गाली गलौच की। वहा पर टीआई बैठे है, सारे पुलिस कर्मी मूक दर्शक बनकर बैठे है, उनके सामने अश्लील गाली गलौच किया जा रहा है। उनके पुत्र के साथ मारपीट भी किया गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाते कहा कि भाजपाइयों में जिस तरह से सत्ता का नशा उनके ऊपर है, यह जिले में अराजकता का माहौल पैदा कर रहे है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से शासन का दावा है कि नक्सलियों का आतंक अब समाप्ति की ओर है तो क्या अब भाजपाई यहाँ आतंक मचाते रहेंगे? हाल ही में भाजपा जिलाध्यक्ष व सराफा व्यापारी के बीच हुई घटना को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह से सराफा व्यापारी चांडकमल सोनी के द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता पर मारपीट किये जाने का गम्भीर आरोप लगाकर गीदम थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है इससे ये प्रतीत होता है कि भाजपा जिलाध्यक्ष पर सत्ता का नशा सिर चढ़कर बोल रहा है। बुजुर्ग व्यापारी के साथ हुई मारपीट की घटना की कांग्रेस कड़ी निंदा करती है और पुलिस प्रशासन से चाहती है कि इस पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करे । सुशासन का दावा करने वाली साय सरकार में भाजपाई खुलेआम गुंडागर्दी कर रहे है, कांग्रेस इस घटना की कड़ी निंदा करती है। इस दौरान महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एव जिपं सदस्य तूलिका कर्मा ने आरोप लगाते कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तब से क्राइम का ग्राफ बढ़ता जा रहा है, कही मर्डर हो रहा है, तो कही थाने के अंदर घुसकर लोग मार रहे है । दन्तेवाड़ा जिले में भाजपाइयों को घेरते हुए तूलिका ने कहा कि जिस तरह से भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा अपना ही किराया मांगने आये सराफा व्यापारी के साथ मारपीट की गई ये बेहद शर्मनाक है, भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए यह अशोभनीय है, इस कृत्य की कांग्रेस पार्टी की ओर से हम सभी निंदा करते है, कड़ी से कड़ी कार्यवाही नही होने पर कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी । वही कांग्रेस कमेटी के ब्लाक अध्यक्ष अनिल कर्मा ने भी भाजपा जिलाध्यक्ष के इस कृत्य पर कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में अगर नैतिकता है तो भाजपा जिलाध्यक्ष को बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए। इस दौरान जिपं सदस्य सुलोचना कर्मा,महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्रा शर्मा, सुमित्रा सोरी, पार्षद सोहन यादव, इंद्रा ठाकुर समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

### जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दंतेवाड़ा में 21 जनवरी को प्लेसमेंट कैम्प

**दंतेवाड़ा, 16 जनवरी ।** कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दंतेवाड़ा में 19 जनवरी 2026 प्रातः 11 बजे से शाम 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प हेतु आरसीसी एंड एसोसिएट दंतेवाड़ा में ऑडिट असिस्टेंट 02, रिसेप्शनिस्ट 01 पद की शक्तियां प्राप्त हुई है।

इच्छुक आवेदक, आवेदिका प्रातः 11 से 04 बजे तक निर्धारित स्थल पर अपनी शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रति, रोजगार पंजीयन, आधार कार्ड, की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ बायोडाटा (रिज्यूम) सहित, उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते है। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है।

## जिला सीईओ जयंत नाहटा ने बारसूर क्षेत्र का दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया और दिए निर्देश




**दंतेवाड़ा, 16 जनवरी।** जिला पंचायत दंतेवाड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जयंत नाहटा द्वारा बारसूर क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। दौरे के दौरान ग्राम पंचायत हितामेटा में हाईवे से लगे शौचालय, व्यावसायिक परिसर एवं अप्रारंभ प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पीएम आवास के हितग्राहियों को शीघ्र आवास प्रारम्भ कर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मनरेगा योजना अंतर्गत आवास हितग्राहियों को स्वीकृत सोख्ता गड्ढा निर्माण कार्य का भी निरीक्षण कर कार्यों में गुणवत्ता एवं प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इसके पश्चात बारसूर में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु निर्माणाधीन टूरिस्ट कॉटेज एवं जिप लाइन कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिला सीईओ ने कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने, गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा पर्यटन सुविधाओं को बेहतर ढंग से विकसित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत गीदम, सीएमओ बारसूर, उप अभियंता पीडब्ल्यूडी, पीओ मनरेगा एवं तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। जिला सीईओ श्री नाहटा ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना सुनिश्चित किया जाए। तथा विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

## गीदम थाने के अंदर पत्रकार से गाली-गलौज कर जानलेवा हमला करने की कोशिश,बेटे के साथ मारपीट

### श्रमजीवी पत्रकार संघ ने एसपी को ज्ञापन सौंप की कार्रवाई की मांग



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 16 जनवरी ।** दंतेवाड़ा जिले के गीदम थाना क्षेत्र में इन दिनों कानून व्यवस्था चरमराती हुई नजर आ रही है हाल ही में बीते 14 जनवरी की रात एक पत्रकार पर थाने के अंदर अश्लील गाली गलौज, हमला करने की कोशिश एवं पत्रकार के बेटे के साथ हुई मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ दन्तेवाड़ा जिला इकाई द्वारा गुरुवार को दन्तेवाड़ा एसपी को ज्ञापन सौंप आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

इस मामले में पीड़ित पत्रकार डीएम सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार रात करीब 11 बजे मारपीट की एक घटना पर जब वह थाना प्रभारी से जानकारी लेने गीदम थाना गए थे उसी दौरान भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मनीष सुराणा, शीतल सुराणा , बब्बू सुराणा अपने साथियों के साथ गीदम थाने के अंदर आकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। ऐसे में पत्रकार डीएम टीआई के चेम्बर में चले गए बावजूद इसके आरोपियों ने थाना परिसर में जमकर हंगामा किया। थाने के बाहर खड़े पत्रकार के बेटे पर भी गाली-गलौच कर मारपीट की गई । बताया जा रहा है कि घटना के दौरान थाना प्रभारी के साथ कई अन्य स्टाफ भी यहां मौजूद रहे । घटना से पत्रकार परिवार समेत दहशत में है। थाना परिसर में हुई घटना सीसीटीवी फुटेज में भी कैद बताई जा रही है। इस ज्ञापन के माध्यम से श्रमजीवी पत्रकार संघ ने दन्तेवाड़ा एसपी से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

# धान खरीदी में सरकार की दोहरी नीति क्यों है:शत्रुहन साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**कुरूद, 16 जनवरी।** कुरूद आगमन के दौरान खेती बचाव आंदोलन समिति के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने संवाददाता से धान खरीदी के संबंध में पूछे गए प्रश्न के जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा 12 नवंबर 2025 से धान खरीदी का शुभारंभ किया गया है । इसके बाद 12 जनवरी 2026 के पूर्व जिन पंजीकृत किसानों ने समिति में अपना धान विक्रय कर दिया है ,क्या उसके घर, ब्यारा,या खेत खलिहान ,में जाकर किसी प्रकार की जांच पड़ताल की गई थी। यदि नहीं तो अब अचानक जांच क्यों शुरू किया जा रहा है। यह एक गंभीर और विचारणीय प्रश्न है ।

उन्होंने आगे कहा कि आज भी बहुत सारे किसान टोकन कटने का इंतेज़ार कर रहे हैं ,कई किसान का अब तक टोकन जारी नहीं हुआ है । जिससे वे असमंजस और भय की स्थिति में है ।ऐसे समय में सरकार द्वारा जांच पड़ताल कराना किसानों में अनावश्यक डर और भ्रम पैदा पैदा करना है। प्रश्न यह उठता है कि सरकार इस जांच के माध्यम से आखिर क्या साबित करना चाहती है। ? क्या सरकार किसानों को अपराधी समझ रही है। क्या धान खरीदी में की गई कोताही की जिम्मेदारी किसानों पर डालना चाह रहे हैं स्पष्ट किया जाना चाहिए ।कि पहले धान बेचने वाले किसान सही है और बाद में बेचने वाले किसान,चोर यदि ऐसा है तो सरकार की नीति और मंशा पर गंभीर सवाल उठता है ।धान खरीदी की प्रक्रिया में व्याप्त अव्यवस्था,टोकन वितरण में देरी और प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पर रहा है । जिसके कारण परेशानी और हताश होकर कई किसान आत्महत्या करने को मजबूत हो गए हैं ।उदाहरण स्वरूप कोरबा क्षेत्र के किसान सुमेंर सिंह गोड़ और एक अन्य क्षेत्र के किसान ने गले में रस्सी, धारदार हथियार से धान बिक्री को लेकर मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या करने का प्रयास किया, जो सरकार के लिए शर्मनाक और नींदनीय है ,शासन को चाहिए कि वह किसानों को संदेह की नजर से देखना बंद करें। जांच पड़ताल के नाम पर किसानों में भय का माहौल ना बनाएं और शेष किसानों को शीघ्र टोकन जारी कर खरीदी की प्रक्रिया को पारदर्शी सरल एवं किसान हितैषी बनाएं।मोनेश साहू नोडल अधिकारी जिला धमतरी । इस संबंध में पक्ष जानना चाहा फोन स्वीकार नहीं किया मोबाइल नंबर 9589 673508 सूरज बंछोर तहसीलदार कुरूद गिरदवारी करने के बाद भौतिक सत्यापन की जरूरत क्यों के उत्तर में कहा किसान के खेत में धान उपज हुआ है ,कि नहीं कहीं दूसरे का धान तो नहीं बेच रहा है। घर में धान है कि नहीं। इसीलिए भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। लाल चंद्राकार अध्यक्ष भारती किसान संघ जिला धमतरी धान खरीदी में कोई लापरवाही हुई है ,तो उसकी जिम्मेदारी प्रशासन की है तो किसानों को जांच के नाम से परेशान क्यों किया जा रहा है। आशीष शर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरूद सैकड़ो किसानों का टोकन अब तक नहीं कटा है ,टोकन जारी करने के बजाए जांच पड़ताल पर क्यों जोर दिया जा रहा है। किसान छत्तीसगढ़ का अन्नदाता भुगत रहे हैं हमारी सरकार थी तो सर्व सुविधा उनकी धान की एक-एक पाई खरीदा गया जो वादा किया था उसे पूरा किया।

## मुख्यमंत्री देंगे 2 अरब 84 करोड़ रुपये के 87 विकास कार्यों की सौगात

**कांकेर, 16 जनवरी ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय 16 जनवरी को कांकेर जिले के पखांजूर के नर-नारायण मेला पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, जहां पर उनके द्वारा 2 अरब 84 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत के 87 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। इसमें 02 अरब 78 करोड़ 86 लाख रूपए के 85 विकास कार्यों की आधारशिला तथा 05 करोड़ 79 लाख रूपए के दो कार्यों का लोकार्पण शामिल है, जिनमें विभिन्न सड़क, पुल, सेतु, शिक्षा, जल संसाधन, भवन निर्माण एवं सामाजिक अधोसंरचना से जुड़े कार्यों की सौगात जिले की जनता को मिलेगी।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 07 सड़क निर्माण कार्य जिनमें कोसरीडा से पटेलपारा हुरतराई (कोयलीबेड़ा), मातला 'अ' से मानकोट सड़क, अंतागढ़ मुख्य मार्ग से कामता पटेलपारा, सारंडी से गुंजनार (कचवार), उसेली से खड़गांव, तुमसनार से बेलोडी स्कूलपारा, हलाईनार से सरपंच पारा मार्ग शामिल है। इसके अलावा चारामा विकासखण्ड में किशनपुरी से पदमपुर नयागढ़पारा तक सड़क निर्माण, कांकेर विकासखण्ड में पीढ़ापाल-मुरागांव से टोंडामरका सड़क निर्माण, नरहरपुर विकासखण्ड में बहनापानी से खुलगुडरा सड़क, बांसपत्तर-तिरियारपानी से सरायपानी, झुलनातेंदु से पारधीपारा, नरहरपुर बाजारपारा से नदियापारा (मारवाड़ी) तक सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया जाएगा।

इसी प्रकार सेतु निर्माण संभाग कांकेर द्वारा उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण किया जाएगा, जिनमें अंतागढ़ विकासखण्ड के सोनपुर-नारायणपुर मार्ग में कोटरी नदी पर पुल निर्माण, राजनांदगांव-बैलाडिला मार्ग तके खंडी नदी पुल निर्माण एवं अंतागढ़-बेड़मा राज्य मार्ग निर्गुण नाला पुल चारामा विकासखण्ड में चारभाटा-मरकाटोला मार्ग में सिरसिदा नाला पर पुल निर्माण, कांकेर-देवरी-पीढ़ापाल मार्ग में चिनार नदी पुल निर्माण, नरहरपुर विकासखण्ड में मुड़पार-नरहरपुर-मुरूमसिल्ली मार्ग झुरा (सुरही) नदी पुल निर्माण, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड अंतर्गत कांकेर-भानुप्रतापपुर-मानपुर मार्ग में जंजाली नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण, संबलपुर-सिलपट मार्ग में संबलपुर नाला पर पुल निर्माण का भूमिपूजन शामिल है। इसी प्रकार जल संसाधन विभाग के अंतर्गत कोयलीबेड़ा विकासखण्ड में मंडागांव स्टॉपडेम निर्माण कार्य, मडपा (मड़ाम) निरूल नाला में स्टॉपडेम निर्माण, चारगांव तालाब नहर लाइनिंग एवं स्ट्रक्चर निर्माण, सिकसोड़ तालाब के स्लूस संरचना एवं सायफन निर्माण कार्य, पी.व्ही. 101 विष्णुपुर में स्टापडेम निर्माण, छोटेबेठिया-2 स्टॉपडेम निर्माण, नर-नारायण एनीकट सत्यानंद नाला, पी.व्ही. 89 विवेकनगर में एनीकट निर्माण, पखांजूर जलाशय बांध एवं नहर जीर्णोद्धार तथा लाईनिंग कार्य, निरीक्षण गृह अनुविभागीय कार्यालय कापसी एवं मरम्मत कार्य तथा अंतागढ़ विकासखण्ड के आमाबेड़ा तालाब के स्लूस संरचना मरम्मत कार्य का भूमिपूजन शामिल है। लोक निर्माण संभाग भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम जातेवाड़ा से मदले मार्ग निर्माण पुल-पुलिया सहित, ग्राम महेन्द्रपुर से गुलालबोड़ी मार्ग पुल-पुलिया सहित, ग्राम परलकोट डेम मार्ग का मजबूतीकरण, ग्राम सोढ़े से गुट्टापारा तक पहुंच मार्ग, मुख्य मार्ग से पदबेड़ा तक पहुंच मार्ग, पखांजूर के घोड़ागांव से अंजाड़ी तक पहुंच मार्ग, ग्राम कोटनखोड़ से नीचे कामता तक सड़क निर्माण, ग्राम आमकोट से डुटापिपली तक पुल-पुलिया सहित मार्ग निर्माण का भूमिपूजन शामिल है।

### 30 एवं 31 जनवरी के लिए जारी टोकन से धान की खरीदी अब 29 जनवरी को होगी

**कांकेर, 15 जनवरी ।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित किया गया है, लेकिन 31 जनवरी को शनिवार होने के कारण उक्त तिथि में धान बेचने के लिए जारी किए गए टोकन को शासन स्तर से संशोधित किया जाकर 29 जनवरी को शिफ्ट कर दिया गया है। अतः 30 एवं 31 जनवरी के लिए जारी टोकन का धान अब 29 जनवरी को खरीदा जाएगा।खाद्य अधिकारी ने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा है कि 30 एवं 31 जनवरी को धान विक्रय के लिए जारी टोकन वाले समस्त किसान धान बेचने के लिए 29 जनवरी को अपने क्षेत्र के खरीदी केन्द्रों में ले जाना सुनिश्चित करें।

### नवोन्मेषी पहल से छात्रावासों के बच्चों को मिली बेहतर दृष्टि

# मुख्यमंत्री के 'सुशासन' की धरातल पर झलक



**रायगढ़, 16 जनवरी ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन की गुड गवर्नेंस की परिकल्पना को साकार करते हुए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर छात्रावासों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के बच्चों के लिए एक अनुकरणीय पहल करते हुए सघन नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण अभियान का सफल संचालन किया गया।

जिला प्रशासन के निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि कई छात्र पढ़ाई में रुचि और क्षमता होने के बावजूद दृष्टि दोष के कारण ब्लैकबोर्ड स्पष्ट नहीं देख पा रहे थे। आर्थिक अभाव और जागरूकता की कमी के कारणं छात्र अपनी समस्या साझा नहीं कर पा रहे थे। कलेक्टर ने इसे केवल स्वास्थ्य संबंधी समस्या न मानते हुए बच्चों के शिक्षा के अधिकार से जुड़ा गंभीर विषय माना और तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के समन्वय से जिले के 147 छात्रावासों में विशेष नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। इस अभियान के तहत 4686 छात्रों की नेत्र जांच जिला चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक उपकरणों से की गई। जांच के दौरान 235 छात्र दृष्टि दोष से ग्रसित पाए गए, जिनमें से 149 छात्रों को पावर वाले चश्मे निःशुल्क प्रदान किए गए। चश्मों का निर्माण और वितरण समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया गया।

#### पढ़ाई में सुधार, आत्मविश्वास में बढ़ोतरी

चश्मा मिलने के बाद छात्रों की पढ़ाई में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। बच्चों की एकाग्रता बढ़ी है और वे कक्षा की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। अभिभावकों और छात्रावास अधीक्षकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के भविष्य के लिए बेहद उपयोगी बताया है। यह अभियान मुख्यमंत्री के गुड गवर्नेंस विजन का जमीनी स्तर पर सफल क्रियान्वयन है, जहाँ प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाया।

## नवनियुक्त ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष महिम व होमेन्द को कांग्रेसियों ने दी बधाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरुद, 16 जनवरी।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कमेटी ने संगठन सृजन के तहत व प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, वरिष्ठ नेताओं,व जिला अध्यक्ष तारिणी नीलम चन्द्राकर के अनुशंसा पर कुरुद ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महिम शुक्ला व भखारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होमेन्द साहू के नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए फूल माला, आतिशबाजी कर बधाईयां दिये।इस अवसर पर कुरुद के पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि महिम शुक्ला बहुत ही निष्ठावान, सक्रिय कार्यकर्ता हैं। संगठन कार्य का अच्छा अनुभव के साथ कांग्रेस में उनका परिवार लम्बे समय से कार्य करते आ रहा हैं। सभी मिलकर कांग्रेस के मजबूती के लिए कार्य करते रहेंगे। पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भखारा राजू साहू ने कहा कि नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष होमेन्द साहू सभी को साथ लेकर चलने वाले ऊर्जा वान व्याहार कुशल नेतृत्व की क्षमता वाले साथी है।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रामदत्त शुक्ला, रमेश्रर साहू,कामराय साहू,रवि शर्मा, शत्रुघन साहू, तारेन्द साहू,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चन्द्राकर,पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी थअध्यक्ष आशीष शर्मा,राजू साहू, नपा उपाध्यक्ष देवव्रत साहू,जिला महामंत्री प्रमोद साहू, पार्षद मनीष साहू,रजत चन्द्राकर, उत्तम साहू, अर्जुन धुव, पूर्व एल्डरमैन मनोज अग्रवाल,ब्लाक कांग्रेस महामंत्री चन्द्र प्रकाश देवांगन,लव चन्द्राकर, संतोष प्रजापति,तुकेश साहू, तुलसी राम साहू,रौशन चन्द्राकार, रुद्र नाथ साहू, पंकज जोशी,अशोक साहू, लेखराम साहू, खेमराज चन्द्राकर, भूषण चन्द्राकार, सहित अनेक कांग्रेसी गण उपस्थित थे।

## एक नजर

### पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र से मिलेंगी पासपोर्ट संबंधी सभी सुविधाएं

**रायगढ़, 16 जनवरी।** अब नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने अथवा उससे संबंधित कार्यों के लिए दूर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। विदेश मंत्रालय एवं संचार मंत्रालय, भारत सरकार के समन्वय से रायगढ़ में पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र के माध्यम से पासपोर्ट से जुड़ी सभी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।अधीक्षक डाकघर रायगढ़ संभाग सभी नागरिकों से कहा कि अपने पासपोर्ट आवेदन, नवीनीकरण एवं अन्य संबंधित सेवाओं के लिए नजदीकी पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र, प्रधान डाकघर रायगढ़ में संपर्क कर सकते हैं। इस केंद्र के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया को सरल, सुलभ एवं समयबद्ध बनाया गया है, जिससे आमजन को सुविधा मिल सके। नागरिकों से अपील है कि वे भारत सरकार द्वारा संचालित इस सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने पासपोर्ट संबंधी सभी कार्यों के लिए प्रधान डाकघर रायगढ़ स्थित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र का उपयोग करें।

### जुनवानी में गैर-वर्णनात्मक नर बकरों का बधियाकरण

**रायगढ़, 16 जनवरी।** कृषि विज्ञान केंद्र, रायगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी.एस. राजपूत के मार्गदर्शन में विकासखंड रायगढ़ के ग्राम-जुनवानी में निकरा परियोजना के अंतर्गत गैर-वर्णनात्मक नर बकरों का बधियाकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, रायगढ़ एवं पशुपालन विभाग, रायगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस दौरान 10 गैर-वर्णनात्मक नर बकरों का वैज्ञानिक विधि से बधियाकरण किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अवांछित प्रजनन पर नियंत्रण, पशुधन की नस्ल गुणवत्ता में सुधार तथा पशुपालकों की आय में वृद्धि करना रहा। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. सी.पी.एस. सोलंकी ने बधियाकरण के दौरान अपनाई जाने वाली स्वच्छता, उपयुक्त आय का चयन एवं पश्च-प्रबंधन संबंधी आवश्यक सावधानियों की विस्तार से जानकारी दी। वहीं डॉ. के.एल.पटेल ने बकरी पालन में बधियाकरण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए इसे सुरक्षित प्रबंधन, प्रजनन नियंत्रण एवं उत्पादन क्षमता वृद्धि के लिए अत्यंत प्रभावी उपाय बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अनुसंधान सहायक श्री मनोज कुमार साहू ने पोषण प्रबंधन, उन्नत नस्लों के महत्व तथा बधियाकरण के माध्यम से नस्ल सुधार को किसानों की आमदनी बढ़ाने में सहायक बताया। इस दौरान तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा पशुपालकों को वैज्ञानिक बकरी पालन, संतुलित आहार, रोग नियंत्रण एवं आधुनिक प्रबंधन तकनीकों की भी जानकारी दी गई।

### सखी वन स्टॉप सेंटर की भर्ती प्रक्रिया में दावा-आपत्ति का निराकरण, अंतिम सूची जारी

**रायगढ़, 16 जनवरी।** सखी वन स्टॉप सेंटर के सुचारु संचालन के लिए सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करने हेतु पैरालीगल कार्मिक, अधिवक्ता, पैरामेडिक कार्मिक, सुरक्षा गार्ड एवं नाइट गार्ड पदों पर प्राप्त आवेदनों की दावा-आपत्ति प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इस संबंध में पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची पूर्व में प्रकाशित कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी। निर्धारित समयावधि में प्राप्त सभी दावा-आपत्तियों का गठित चयन समिति द्वारा गहन अवलोकन एवं परीक्षण किया गया। प्रस्तुत अभ्यावेदनों का नियमानुसार परीक्षण करते हुए उनका समुचित निराकरण किया गया है। आवेदनों का निराकरण उपरांत सूचीबद्ध कर दावा आपत्ति निराकरण सूची व अंतिम सूची जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कार्यालय, रायगढ़ के सूचना पटल व जिला के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अवलोकन कर सकते है।

### लाइवलीहुड कालेज में अस्थायी प्रशिक्षक इम्पैनल के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 16 जनवरी।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज, रायगढ़ द्वारा जिले में कौशल विकास को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। महाविद्यालय अंतर्गत सहायक इलेक्ट्रीशियन पाठ्यक्रम के संचालन हेतु पूर्णतः अस्थायी प्रशिक्षक इम्पैनल तैयार किए जाने के लिए आधिकारिक सूचना जारी की गई है।जारी सूचना के अनुसार, सहायक इलेक्ट्रीशियन पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं व्यावहारिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से योग्य और अनुभवी प्रशिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पैनल पूर्णतः अस्थायी आधार पर गठित किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 23 जनवरी 2026 तक अपना आवेदन सीधे कार्यालय में जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। आवश्यक योग्यता, अनुभव एवं अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध कराई गई है। इम्पैनलमेंट एवं आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी हेल्पलाइन नंबर 8959719188 पर संपर्क कर सकते हैं।

## आरोग्य हॉस्पिटल रायपुर में 1000 मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,16 जनवरी।** चिकित्सा के क्षेत्र में आरोग्य हॉस्पिटल शंकर नगर रायपुर अपने बेहतर इलाज एवं सेवा कार्यों के लिए जाना जाता है। इसी क्रम में रोटरी क्लब रायपुर की सहायता से आरोग्य हॉस्पिटल द्वारा जरूरतमंद लोगो का 1000 मोतियाबिंद का फ्री ऑपरेशन किया जा रहा है। जिसमे संबंधित दवाएं, जांच, भर्ती एवं भोजन सभी सेवाएं निःशुल्क है। मोतियाबिंद के ऑपरेशन




1 जनवरी 2026 से प्रारंभ हो गए है एवं लगातार 6 महीने तक चलेंगे।

आरोग्य हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर ऋषि अगवाल ने बताया कि जिस किसी जरूरतमंद को मोतियाबिंद हो गया हो वे सभी इस सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए इन नंबरों पर संपर्क करें... 9827198000, 9755098000 (डॉक्टर ऋषि अग्रवाल)आरोग्य हॉस्पिटल के प्रमुख डॉक्टर ऋषि अग्रवाल एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रीति अग्रवाल अपनी सेवाएं, बेहतर इलाज एवं व्यवहार के लिए पूरे प्रदेश में जाने जाते है।

## किसना का बिलासपुर में शोरूम




**बिलासपुर,16 जनवरी।** किसना डायमंड एंड गोल्ड 'वेलरी ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में लिंक रोड, अग्रसेन चौक पर अपने तीसरे एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर हरि कृष्णा ग्रुप के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर घनश्याम ढोलकिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। लॉन्च को खास बनाने के लिए किसना ने नए साल के विशेष ऑफर्स की घोषणा की है। इसके तहत डायमंड और गोल्ड 'वेलरी के मेकिंग चार्ज पर प्रति ग्राम 1,000 रुपए तक की छूट तथा चुनिंदा डायमंड 'वेलरी पर प्रति प्रोडक्ट 1,500 रुपए तक की आकर्षक छूट दी जा रही है, जिससे ग्राहकों के लिए यह उत्सव और भी लाभकारी बन गया है। इस अवसर पर श्री घनश्याम ढोलकिया ने कहा, छत्तीसगढ़ हमारे लिए एक महत्वपूर्ण ग्रोथ मार्केट है और बिलासपुर एक उभरता हुआ 'वेलरी डेस्टिनेशन बन रहा है।

## जतन बना विशेष बच्चों के लिए संबल, डीईआईसी रायगढ़ से बदली हजारों की जिंदगी

**रायगढ़, 16 जनवरी ।** जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र जतन (डीईआईसी), रायगढ़ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा के रूप में कार्य कर रहा है। केंद्र की स्थापना 13 फरवरी 2016 को की गई थी। यहां उन बच्चों को विशेष सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जिन्हें विकासात्मक देरी, शारीरिक, श्रवण, वाणी अथवा सीखने संबंधी समस्याओं के कारण विशेष उपचार की आवश्यकता होती है।

जतन डीईआईसी की कार्यप्रणाली सामान्य अस्पताल से भिन्न है। केंद्र को इस प्रकार विकसित किया गया है कि यह प्ले-स्कूल जैसे सहज और अनुकूल वातावरण में संचालित हो, जिससे बच्चे बिना डर या तनाव के उपचार प्रक्रिया से जुड़ सकें। इसी कारण बच्चे स्वयं उत्साहपूर्वक उपचार के लिए केंद्र में



उपस्थित होते हैं।

स्थापना से लेकर अब तक केंद्र द्वारा 19 हजार 683 बच्चों का विभिन्न स्तरों पर परीक्षण, मूल्यांकन एवं उपचार किया जा चुका है। जतन डीईआईसी में शिशुरोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, फिजियोथेरिपिस्ट, विशेष शिक्षक, स्पीच थेरेपिस्ट, ऑडियोलॉजिस्ट, ऑप्टोमेट्रिस्ट, नर्स, पैथोलॉजी, समाजसेवक एवं काउंसलर की सेवाएं पूर्णतः निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। विशेष शिक्षा के माध्यम से बच्चों में विकासात्मक देरी का आकलन कर उपचार किया जाता है। वर्तमान में बच्चों में मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से उत्पन्न लर्निंग प्रॉब्लम, देर से बोलने की समस्या और ऑटिज्म जैसे लक्षणों के मामलों में भी नियमित रूप से सेवाएं दी जा रही हैं।

जीभ जुड़ने (टंग-टाई) की समस्या से ग्रसित बच्चों को दंत चिकित्सा विभाग द्वारा फ्रेनेक्टमी पद्धति से उपचारित किया जा रहा है, जिससे अब तक लगभग 260 बच्चे लाभान्वित हुए हैं। श्रवण संबंधी समस्याओं के लिए ऑडियोलॉजी विभाग में बीईआरए टेस्ट एवं पीटीए टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है, जो दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं कॉक्लियर इम्प्लांट प्रक्रिया के लिए आवश्यक होती है। वहीं फिजियोथेरेपी विभाग द्वारा शारीरिक रूप से बाधित बच्चों के उपचार एवं पुनर्वास का कार्य किया जा रहा है।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में इस योजना का क्रियान्वयन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार की ÷हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे÷ की परिकल्पना के अनुरूप जतन डीईआईसी में सेवाओं का निरंतर सुधार एवं विस्तार किया जा रहा है।

## छात्रावास की बालिकाओं को मिलेगा शुद्ध पेयजल



**रायगढ़, 16 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन और अंत्योदय के विजन को जब प्रशासनिक नेतृत्व का साथ मिलता है, तब विकास की तस्वीर धरातल पर दिखाई देने लगती है। रायगढ़ जिले के विकासखण्ड लैलूंगा के ग्राम रेगड़ी स्थित छात्रावास में लंबे समय से चली आ रही पेयजल एवं निस्तारी की समस्या का समाधान इसी समन्वय का परिणाम है। मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी सोच को धरातल पर उतारते हुए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से 28 लाख 99 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर बच्चों को शुद्ध पेयजल की स्थायी सौगात दी है।

दूरस्थ अंचल में स्थित ग्राम रेगड़ी के छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों को लंबे समय से पीने के साफ पानी और दैनिक निस्तारी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। यह समस्या केवल असुविधा नहीं, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा से सीधे जुड़ी हुई थी। जिला प्रशासन द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल छात्रावास में शुद्ध पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) फंड से छात्रावास से 3 किलो मीटर दूरी पर पाइप लाइन विस्तार व नवीन नलकूप खनन कर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। नलकूप खनन कार्य पूर्ण होने के बाद छात्रावास में रहने वाले बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होगा। इससे न केवल जल संकट समाप्त होगा, बल्कि स्वच्छता, स्वास्थ्य और अध्ययन का वातावरण भी बेहतर होगा।

### बदलता मौसम, बढ़ती बीमारियां जलवायु परिवर्तन पर रायगढ़ में स्वास्थ्य प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा

**रायगढ़, 16 जनवरी ।** राज्य शासन के मंशानुरूप कलेक्टर रायगढ़ श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले में जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 6 से 15 जनवरी 2026 तक चरणबद्ध रूप से संचालित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत, प्रभारी जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.बी.पी. पटेल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रंजना पैंकरा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसमें जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. टी.जी. कुलवेदी, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. अविनाश चंद्रा, जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुमित शैलेंद्र कुमार मंडल, डॉ. केनन डेनियल, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. कल्याणी पटेल, आईडीएसपी कार्यक्रम के डीडीएम श्री रामकुमार जांगड़े सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हैं।कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों से आर.एम.ए.प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर, आर.एच.ओ. पुरुष/महिला, सी.एच.ओ., बी.डी.एम., डी.ई.ओ., पी.ए.डी.ए. तथा जिला एवं जनपद पंचायत के सदस्यों को समूहवार निर्धारित तिथियों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## 40 बोरी धान गबन मामले में दुकानदार पर एफआईआर दर्ज

### धान खरीदी व्यवस्था में गड़बड़ी पर प्रशासन सख्त

**रायगढ़, 16 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और किसान हितैषी बनाने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध भंडारण या कालाबाजारी को रोकने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर तहसील धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम चरखापारा स्थित ओम ट्रेडर्स दुकान के संचालक के विरुद्ध जप्त धान का गबन करने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 20 नवम्बर 2025 को तहसीलदार द्वारा ओम ट्रेडर्स में औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान दुकान से 60 बोरी अवैध धान पाया गया, जिसे विधिवत जप्त कर दुकान संचालक राजू राठिया को सुपुर्दगी में सौंपा गया था। जप्त धान की सुरक्षित रखरखाव एवं देखभाल की जिम्मेदारी आरोपी को सौंपते हुए बंधपत्र भी भरवाया गया था। इसके पश्चात 30 दिसम्बर 2025 को तहसीलदार एवं एसडीएम धरमजयगढ़ द्वारा पुनः दुकान की जांच की गई। जांच में पाया गया कि जप्त 60 बोरी धान में से केवल 20 बोरी धान शेष है, जबकि 40 बोरी धान मौके से गायब पाई गई। पूछताछ के दौरान दुकान संचालक राजू राठिया ने स्वीकार किया कि उसने सुपुर्दगी में दिए गए 40 बोरी धान को स्वयं के खाते में विक्रय कर दिया है, जो कि शासकीय आदेशों एवं जप्ती की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है। मामले को गंभीर मानते हुए आरोपी राजू राठिया के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(2) के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई है। प्रकरण में विधिवत जांच की कार्यवाही जारी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध धान खरीदी-विक्रय अथवा जप्त सामग्री के दुरुपयोग पर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## कार्यशाला में पढ़ाई को और प्रभावशाली बनाने पर जोर



**रायगढ़, 16 जनवरी ।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देष एवं जिला षिक्षा अधिकारी डॉ.के.व्ही. राव के मार्गदर्षन में गढ़उमरिया स्थित स्कूल प्रांगण में रायगढ़ विकासखंड के सभी संकुल स्रोत समन्वयकों (सीएसी) के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विकासखंड शिक्षा विभाग की ओर से बच्चों में पूर्ण साक्षरता (एफएलएन) की प्राप्ति और शिक्षण गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

इस अवसर पर डीएमसी आलोक स्वर्णकार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय पटेल, बीआरसीसी मनोज अग्रवाल और डाइट प्राध्यापक दुबे उपस्थित थे। कार्यशाला में शिक्षण प्रक्रिया की दक्षता, बच्चों का स्तरवार आकलन और टीएलएम एवं खेल के माध्यम से पढ़ाई को और अधिक प्रभावशाली बनाने पर गहन चर्चा हुई।

डीएमसी आलोक स्वर्णकार ने कहा कि सीएसी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता को बढ़ाने में अहम कड़ी हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कक्षा अवलोकन के दौरान सीएसी का व्यवहार सरल, संतुलित और प्रेरक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीएसी को बच्चों की वास्तविक स्थिति समझते हुए मार्गदर्शन देना चाहिए। यह केवल निरीक्षण नहीं, बल्कि शिक्षा में सुधार का अवसर है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय पटेल ने बताया कि एफएलएन का लक्ष्य 2027 तक पूरा करना प्राथमिकता है। इसके लिए प्रत्येक बच्चे की शब्द स्तर, वाक्य स्तर और अनुच्छेद स्तर पर स्थिति का रिकॉर्ड बनाए रखना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षण प्रक्रिया टीएलएम, खेल और खोजपूर्ण विधियों के माध्यम से अधिक प्रभावशाली बनाई जानी चाहिए। बीआरसीसी मनोज अग्रवाल ने कहा कि सामाजिक स्थिति और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, सीएसी अपने कर्तव्यों का पालन बेहतर रूप से करें। उन्होंने शिक्षक-विद्यार्थी विकास सूचकांक तैयार करने पर जोर देते हुए कहा कि इससे प्रत्येक स्कूल में बच्चों की प्रगति का स्पष्ट आंकड़ा उपलब्ध होगा।

#### पाठ्यक्रम और सह-पाठ्य गतिविधियों पर विशेष चर्चा

कार्यशाला में शिक्षकों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक स्कूल में एक घंटा 'रीडिंग आवर' के लिए नियमित रूप से सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही प्रार्थना सभा में बच्चों को मौखिक भाषा के विकास के लिए कविता और कहानी सुनाने, रचनात्मक लेखन, और एफएलएन किट के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए। पूर्व माध्यमिक स्कूलों में बाल शोध मेला, विज्ञान कॉर्नर और मापन मेला जैसे गतिविधियों के आयोजन की प्रक्रिया पर भी विस्तार से चर्चा हुई। यह पहल बच्चों में रचनात्मक सोच, प्रयोगात्मक क्षमता और सीखने की रुचि विकसित करने में सहायक होगी।

## गोड़ महासभा का फिर से चुनाव कराने का आदेश



**दुर्ग 16 जनवरी।** केन्द्रीय गोंड महासभा, धमधागढ़, समिति के अध्यक्ष मंगलदास ठाकुर द्वारा केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के चुनाव में अनियमितता बरती गई थी, जिस पर एक शिकायत रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ पर शिकायत की गई थी, जिस पर चुनाव को अवैध घोषित कर दिया गया है तथा समिति को नये सिरे से चुनाव कराये जाने का आदेश पारित किया गया है। अध्यक्ष द्वारा शिकायत किये जाने के बाद भी कमलेश ध्रुव पूर्व में अपने आप को अध्यक्ष घोषित किया था।

वह केन्द्रीय गोंड महासभा, धमधागढ़ का कोई सदस्य नहीं है तथा वह आदिवासी ध्रुव गोंड महासभा बावनगढ़ महासभा का सदस्य है। उसे चुनाव में खड़े होने का अधिकार नहीं था, लेकिन चुनाव अधिकारी की अनियमितता के कारण चुनाव हुआ था। विष्णु ठाकुर द्वारा शिकायत की गई थी। उसका भी परिपालन चुनाव अधिकारी द्वारा नहीं किया तथा मंगलदास के द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस प्रेषित किया गया था, जिस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई और चुनाव का परिणाम चुनाव अधिकारी के द्वारा घोषित किया था तथा उक्त चुनाव में केन्द्रीय गोंड महासभा, धमधागढ़ के जिला इकाइयों के सदस्यों द्वारा प्रदत्त मतदाता का नाम दिया गया था उसके बावजूद अन्य मतदाता का नाम जिला अध्यक्ष के अनुमति के प्रदान किया गया था तथा उक्त शिकायत पर भी चुनाव अधिकारी के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किये जाने के कारण कार्यालय रजिस्टर्ड फ र्म्स एवं संस्थाएं में शिकायत की गई थी और शिकायत को सहीं पाने पर तथा कई बार केन्द्रीय गोंड़ महासभा, धमधागढ़ के कार्यालय पर शिकायत के उत्तर के लिए नोटिस भेजा गया था, उक्त नोटिस का भी जवाब नहीं दिये जाने के कारण विधिवत् कार्यवाही कर दिनांक 12.10.2025 के चुनाव को अवैध घोषित किया है तथा न्यायालय के द्वारा यह कहा गया है कि समिति गठित कर नये सिरे से चुनाव करवाकर उसकी प्रति न्यायालय में पेश करें, जिसके संदर्भमें केन्द्रीय गोंड महासभा, धमधागढ़ के पूर्व पदाधिकारी संरक्षक, जिला अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष के द्वारा पूर्व में चुनाव के अनियमितता को देखते हुए आज प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नये सिरे से चुनाव किये जाने एवं वीर नारायण दिवस पर आमसभा किया जा रहा है।

## एक नजर

### बंदूक के नहीं, विकास के साथ है भविष्यः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**रायपुर, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक अभियान को एक ऐतिहासिक सफलता मिली है। 'पूना मारगेम' के अंतर्गत साउथ सब ज़ोनल ब्यूरो से जुड़े 52 माओवादी कैडरों ने हिंसा और हथियारों का रास्ता छोड़कर लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा विकास की मुख्यधारा को अपनाया है। इन पर कुल ?1.41 करोड़ का इनाम घोषित था, जिससे यह आत्मसमर्पण अभियान अब तक की सबसे बड़ी रणनीतिक उपलब्धियों में शामिल हो गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इसे हिंसा की विचारधारा पर विश्वास की निर्णायक विजय बताया और कहा कि पिछले 48 घंटों में कुल 81 नक्सलियों का आत्मसमर्पण इस बात का स्पष्ट संकेत है कि माओवाद अब केवल कमजोर नहीं पड़ रहा, बल्कि पूरी तरह बिखर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में अब माओवादी संगठन के साथ-साथ उसकी विकृत विचारधारा और उसका पूरा सपोर्ट सिस्टम भी ध्वस्त हो चुका है। जहाँ कभी भय, भ्रम और दबाव का माहौल था, वहाँ अब शासन की सशक्त उपस्थिति, सुरक्षा बलों की सक्रियता और विकास योजनाओं की प्रभावी पहुँच ने लोगों में भरोसा पैदा किया है। 'पुनर्वास से पुनर्जीवन' अभियान के तहत सरकार उन सभी भटके युवाओं को सम्मानजनक जीवन, सुरक्षा और आजीविका के अवसर उपलब्ध करा रही है, जो हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, और यह व्यापक आत्मसमर्पण उसी भरोसे का प्रत्यक्ष प्रमाण है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन को इस सफलता का आधार बताते हुए कहा कि 31 मार्च 2026 तक नक्सल-मुक्त भारत का संकल्प अब तेज़ी से निर्णायक लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि छत्तीसगढ़ में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि बस्तर में अब भय की जगह भविष्य आकार ले रहा है, जहाँ सड़कें, स्कूल, स्वास्थ्य सेवाएँ, आजीविका और शासन की पहुँच लगातार मजबूत हो रही है।

### वन मंत्री ने बस्तर विकासखंड को दी 3.46 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

**रायपुर, 16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास की अविरल धारा को आगे बढ़ाते हुए आज वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने गुरुवार को बस्तर विकासखंड का सघन भ्रमण के दौरान तुरपुरा और कोटगढ़ में आयोजित कार्यक्रमों में कुल 3 करोड़ 46 लाख 28 हजार रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण जनता और किसानों को मिलेगा। इस दौरे का मुख्य फोकस किसानों के लिए सिंचाई सुविधा का विस्तार रहा। वन मंत्री ने जल संसाधन विभाग के अंतर्गत तुरपुरा जलाशय के व्यापक जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन किया। लगभग 2 करोड़ 95 लाख 28 हजार रुपए की लागत से होने वाले इस कार्य में जलाशय बांध के ऊपर गिट्टी कार्य, नवीन स्लूस, वेस्ट वियर कार्य और नहर लाइनिंग व स्ट्रक्चर निर्माण शामिल है। इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र की सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए कोटगढ़ में 20 लाख रूपए की लागत से बनने वाले नवीन पंचायत भवन, मुण्डागुड़ा में 5 लाख रुपये के रंगमंच निर्माण और केशरपाल में उसरीगुड़ा से नहरनी पहुंच मार्ग पर 5 लाख रूपए की लागत से बनने वाली पुलिया का भी भूमिपूजन किया गया। वन मंत्री श्री कश्यप ने क्षेत्र के भ्रमण के दौरान नये कार्यों की आधारशिला रखने के साथ ही ग्रामीणों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए 21 लाख रूपए की लागत से निर्मित पक्की सड़कों का लोकार्पण भी किया। इसमें कुम्हली में मंगियापारा से मुख्यमार्ग तक, केशरपाल में हिरा घर से भागमन घर तक और सोलेमेटा में अक्षय घर से पंचू घर तक बनी तीन अलग-अलग सीसी सड़कें शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक की लागत 7 लाख रूपए है। इस प्रकार वन मंत्री श्री कश्यप ने कुल 3 करोड़ 25 लाख 28 हजार रुपए लागत के नए कार्यों का भूमिपूजन और 21 लाख रुपए के पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी कटिबद्धता दोहराई।

# नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित 5 दिवसीय प्रशिक्षण में प्राथमिक शिक्षकों को मिला दक्षता उन्मुख मार्गदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 16 जनवरी।** डोंगरगढ़ विकासखंड की प्राथमिक शालाओं में कक्षा 1 से 3 तक अध्ययनरत बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रदान करने वाले शिक्षकों के लिए नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सोमवार से मड़ियांन जोन अंतर्गत शासकीय उच्च माध्यमिक शाला मड़ियांन में किया गया।

इस प्रशिक्षण में डोंगरगढ़ ब्लॉक के 12 संकुलों के प्राथमिक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। प्रशिक्षण का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप तैयार नवीन पाठ्यपुस्तकों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शिक्षकों की समझ को सुदृढ़ करना रहा। कार्यशाला के दौरान एफएलएन के अंतर्गत शिक्षक संदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका एवं पाठ्यपुस्तक के समुचित समायोजन पर विस्तार से चर्चा की गई। चार खंडीय रूपरेखा के माध्यम से विभिन्न टीएलएम (शिक्षण अधिगम सामग्री) का उपयोग कर बच्चों में कक्षा स्तर के अनुरूप दक्षता विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। नवीन पाठ्यपुस्तकों में बच्चों में बहुभाषिकता के विकास हेतु विभिन्न भाषाओं तथा आकर्षक रंगीन चित्रों को सम्मिलित किया गया है। साथ ही शिक्षकों के लिए दैनिक, साप्ताहिक एवं वार्षिक कार्ययोजनाएं शिक्षक संदर्शिका में स्पष्ट रूप से प्रस्तुत की गई हैं।

प्रशिक्षण के दौरान अभ्यास पुस्तिका, शिक्षक संदर्शिका एवं पाठ्यपुस्तक के समन्वय के साथ आकलन, ट्रैकर एवं 'मेरा सफर' जैसे नवाचारों पर भी चर्चा की गई, जिससे बच्चे शिक्षक के सहयोग से गतिविधियों के माध्यम से सरलता से सीख सकें। अपेक्षित स्तर से पीछे रह जाने वाले बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण के अंतर्गत संभव एवं शिखर अभ्यास पुस्तिकाओं के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को सशक्त करने पर बल दिया गया। उल्लेखनीय है कि यह प्रशिक्षण तीन जोन में आयोजित किया जा रहा है। पांच दिवसीय कार्यशाला में मुख्य रूप से हिंदी, गणित, अंग्रेजी, पर्यावरण, बांसुरी, योग, कला एवं खेल विषयों की नवीन पाठ्यपुस्तकों पर गतिविधि आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में श्री राजेंद्र साहू, श्रीमती विद्यामती साहू एवं श्री अमित वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं प्रशिक्षण अवधि के दौरान विकासखंड शिक्षाधिकारी श्री श्रीनिवास मिश्रा, एबीईओ श्री गोपी वर्मा तथा बीआरसी श्री संतोष सहारे का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# तातापानी महोत्सव आयोजन नहीं हमारी आस्था और सांस्कृतिक एकता का प्रतीकःरामविचार नेताम

■ स्कूली छात्र-छात्राओं ने लोक नृत्यों के माध्यम से प्रस्तुत की परम्परा की झलक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 16 जनवरी।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिला अपनी अनूठी संस्कृति और लोक परंपराओं के लिए अपनी विशेष पहचान रखता है। इसी गौरवशाली विरासत को संजोने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव का भव्य शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किया। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आयोजित इस महोत्सव के पहले दिन सांस्कृतिक संध्या ने दर्शकों को उत्साह से भर दिया। इस मौके पर आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

मंत्री श्री नेताम ने अपने संबोधन में कहा कि तातापानी महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी आस्था और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। प्रशासन और स्थानीय जनभागीदारी से यह आयोजन प्रतिवर्ष नई ऊंचाइयों को छू रहा है। महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या के मुख्य आकर्षण प्रदेश के सुप्रसिद्ध कलाकार और पद्मश्री से सम्मानित श्री अनुज शर्मा रहे। उन्होंने अपनी टीम के साथ छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की ऐसी जादुई प्रस्तुति दी कि पंडाल में मौजूद हजारों दर्शक मंत्रमुग्ध होकर झूमने लगे। इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन कर वनांचल की समृद्ध संस्कृति की छटा बिखेरी। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों ने न केवल पारंपरिक लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया, बल्कि जिले में हो रहे विकास कार्यों को भी रचनात्मक ढंग से मंच पर उतारा। अतिथियों ने बच्चों के इस हुनर की मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा नेताम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री धीरज सिंह देव, कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा, पुलिस अधीक्षक श्री वैभव बेंकर रमनलाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और आम नागरिक मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए अंतर-विभागीय कार्ययोजना पर उच्च स्तरीय बैठकआयोजित

**रायपुर,16 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के संरक्षण, संवर्धन एवं समग्र कल्याण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित राज्य स्तरीय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक रायपुर में आयोजित की गई। यह बैठक लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) के संचालक श्री ऋतुराज रघुवंशी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न शासकीय विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को एक अनिवार्य एवं अभिन्न घटक के रूप में स्थापित करना रहा। इस अवसर पर संचालक श्री रघुवंशी ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है, जब वे मानसिक रूप से स्वस्थ, सशक्त एवं तनावमुक्त हों। बैठक में अंतर-विभागीय समन्वय पर विशेष बल देते हुए श्री रघुवंशी ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभाग विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को अपनी कार्यसूची में प्राथमिकता दें। प्रत्येक विभाग को अपनी-अपनी विस्तृत एवं विशिष्ट कार्ययोजना तैयार कर उसे तत्काल प्रभाव से धरातल पर क्रियान्वित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के अनुरूप विभिन्न विभागों की संसाधनों एवं विशेषज्ञता को समन्वित करते हुए एक एकीकृत कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया। उल्लेखनीय है कि यह राज्य स्तरीय समिति प्रदेश के छात्र-छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से गठित की गई है। समिति विभिन्न विभागों के बीच समन्वयक सेतु के रूप में कार्य करेगी।

# टाइगर रिजर्व क्षेत्र में नियमों की धज्जियां उड़ा रहीं राइस मिलें, जांच हुई तो खुलेगी धांधली की पोल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 16 जनवरी।** धमतरी जिले के आदिवासी विकास खंड नगरी से एक बड़ा मामला सामने आ रहा है, जहां दर्जनों राइस मिलें बिना किसी वैध नियमों और पर्यावरण स्वीकृति के संचालित हो रही हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि 'सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व' जैसे संवेदनशील क्षेत्र के करीब होने के बावजूद, इन मिलों के पास न तो आवश्यक हह्ष्ट है और न ही नियमानुसार पंजीकरण।

### जांच से होगा बड़ा खुलासा

स्थानीय सूत्रों और प्राप्त जानकारी के अनुसार, यदि प्रशासन इन मिलों के दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन करे, तो मिल संचालकों द्वारा की जा रही भारी अनियमितताएं और धांधली उजागर हो सकती हैं। बिना हह्ष्ट के संचालन न केवल कानूनी उल्लंघन है, बल्कि यह पर्यावरण और क्षेत्र की पारिस्थितिकी के लिए भी बड़ा खतरा है।

### अवैध भंडारण का गढ़ बना इलाका

पिछले कुछ महीनों में धमतरी प्रशासन और मंडी बोर्ड की संयुक्त टीमों ने जिले में कई जगह दबिश दी है, जिसमें लाखों रुपये का अवैध धान जब्त किया गया है। लेकिन नगरी जैसे आदिवासी क्षेत्रों में अभी भी सघन जांच की आवश्यकता है।

### प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग

क्षेत्र के किसानों और जागरूक नागरिकों ने अपील की है कि अवैध भंडारण और बिना अनुमति चल रही मिलों पर समयबद्ध और पारदर्शी कार्रवाई की जाए। इससे न केवल मंडी व्यवस्था की विश्वसनीयता बनी रहेगी, बल्कि शासन के राजस्व की चोरी भी रुकेगी। नियमों को ताक पर रखकर चल रहे इस कारोबार पर लगाम कसना जरूरी है, ताकि आदिवासियों के अधिकारों और पर्यावरण की रक्षा हो सके।

## तिल्दा नेवरा शिव मंदिर स्थापना की प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली कलश यात्रा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 16 जनवरी।** थाना परिसर स्थित पुराने शिव मंदिर का थाना प्रभारी के सहयोग से जीर्णोद्धार किया गया । शिव मंदिर स्थापना की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व नगर में कलश और महिला श्रद्धालुओं के साथ धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। पीले वस्त्र धारण कर महिलाएं सिर पर कलश लेकर कर मंगल गीत व हर-हर महादेव की गूंज के साथ कलश यात्रा लेकर थाना परिषर से हनुमान मंदिर से होकर शिव मंदिर थाना परिषर पहुंची। आचार्य द्वारा मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरा गया। ढोल नगाड़े एवं बैंडबाजे की धुन पर भक्तजन कलश लेकर मंदिर परिसर पहुंचे। शहर में कई जगह पुष्प वर्षा से कलश यात्रा का स्वागत किया गया। कलश यात्रा में कन्याओं एवं महिलाओं ने हिस्सा लिया।

# जो व्यक्ति नशे के दर का होता है, वह हमेशा दर-बदर का होता है

■ नशे की विभीषिका पर गंभीर वैचारिक-विमर्श

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायपुर, 16 जनवरी।** नव छत्तीसगढ़ साहित्यिक,सांस्कृतिक संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में नशे के विरोध में नशे की संगति जीवन की बड़ी विपत्ति विषय पर सारगर्भित वैचारिक,साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन वृंदावन हॉल सिविल लाइंस रायपुर में किया गया किया गया ।जिसके मुख्य अतिथि श्री राजीव चंद्र श्रीवास्तव पूर्व आईपीएस, , अध्यक्ष संजीव कुमार ठाकुर, चिंतक, लेखक, कवि, स्तंभकार, विशिष्ट अतिथि जयंत थोराट, पूर्व आई,पी,एस,शताब्दी पांडे कवयित्री कथा सामाजिक कार्यकर्ता, मनोज मसंद, कवि तथा सामाजिक कार्यकर्ता, और एम के गौतम पूर्व संचालक फोरेंसिक प्रयोगशाला,कवि अम्बर शुक्ल छत्तीसगढ़ थे। कार्यक्रम का संचालन शशांक खरे ने किया, सरस्वती वंदना कवयित्री सुषमा पटेल और संयोजन पल्लवी रूमा झा ने किया, कार्यक्रम की परिकल्पना सुमन शर्मा वाजपेई ने की। नशे के विरोध में काव्य गोष्ठी का संचालन कवि सुनील पांडे ने किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चिंतक लेखक कवि संजीव ठाकुर ने कहा नशा देश समाज और व्यक्ति के लिए अभिशाप का एक भयानक संदेश है। व्यसन देश और समाज के लिए नैतिक पतन का कारण भी बना है। उन्होंने अपनी कविता में भी कहा

उन्होंने कहा जिस समाज ने नशे को प्रश्रय दिया वह उसके पतन का भयानक कारण बना है। नशा देश की सामाजिक आर्थिक एवं अन्य संस्थागत संरचनाओं को खोखला कर रहा है। युवाओं को अधिक भ्रमित कर उनके भविष्य को नष्ट करने का कार्य भी करता है। युवाओं को नशे से सदैव दूर रहकर राष्ट्रीय हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि नशे के विरोध में आदिकाल से ही हमारे वेदों पुराणों में उल्लेख होता आया है और नशा एक सामाजिक बुराई, विडंबना तथा बड़ी आपदा है। नशे के विरोध में जन सामान्य से लेकर संस्थाओं कॉलेज स्कूलों में एक अभियान छेड़ा जाना चाहिए जिससे राष्ट्र नशे से चाहे वह सूखा या गीला नशा हों मुक्त हो सके। नशे से जीवन में नैतिक पतन भी होता है। उन्होंने कहा मानव सभ्यता के साथ नशे का इतिहास भी लगभग उतना ही पुराना है जितना स्वयं समाज। इतिहास साक्षी है कि जहाँ नशे का प्रवेश हुआ, वहाँ सामाजिक, नैतिक और आध्यात्मिक पतन की छाया भी गहराने लगी। पूर्व आईपीएस व डीजीपी राजीव श्रीवास्तव नशे को महामारी बताते हुए इसके विरोध में एक जन अभियान चलाने की अपील की है। उन्होंने कहा अपनी सर्विस में संकल्पित होकर नशे के विरुद्ध अभियान सदैव चलाया था उन्होंने कहा कि नशे को किसी भी कीमत पर परिवार या समाज को हल्के से नहीं लिया जाना नहीं चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता,कवयित्री श्रीमती शताब्दी पांडे ने कहा समाज में स्त्रियों की भी इस संदर्भ में नशा को दूर करने में एक महती एवं बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है यदि माताएं अपने आने वाली पीढ़ी को नशे के विरोध में दिशा दें तो राष्ट्र हर कीमत में महान हो सकता है और नशा मुक्त भी हो सकता है इस अभियान में माता बहनों तथा स्त्री शक्ति का बहुत ज्यादा सक्रियता से अपनी भूमिका का निर्वहन करना होगा। उन्होंने इस संदर्भ में अपनी कविता भी सुनाइ। डॉ एम,के गौतम पूर्व निदेशक फोरेंसिक प्रयोगशाला रायपुर ने कहा कि नशे के ऐसे कई प्रकरण हमने देखे जिम नशे के कारण उनकी न सिर्फजिंदगी बर्बाद हुई वरना पूरा परिवार बर्बादी के कगार पर खड़ा हो गया है।पूर्व पुलिस महानिरीक्षक जयंत थोराट ने नशे के खिलाफ अपने अभिमत रखें, कवि अंबर शुक्ला ने अपनी बात गद्य और पद्य में रखी।

### मेहनत, तकनीक और भरोसेमंद व्यवस्था ने बदली किसान की तक़दीर

**रायपुर।** धमतरी जिले के ग्राम परखंदा के प्रगतिशील किसान साहिल साहू ने यह साबित कर दिया है कि यदि खेती को सही योजना, आधुनिक तकनीक और सरकारी व्यवस्थाओं के सहयोग से किया जाए, तो यह लाभ का सशक्त माध्यम बन सकती है। साहिल साहू ने इस खरीफसीजन में अपने 11 एकड़ खेत में उत्पादित धान को गाड़ाडीह उपार्जन केंद्र में समर्थन मूल्य पर बेचते हुए कुल 231 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक उपार्जन किया।

शकुंतला फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ का आयोजन

## चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई अपनी कलात्मक प्रतिभा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 16 जनवरी।** छत्तीसगढ़ - शकुंतला फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ ने बापू की कुटिया, कलेक्ट्रेट परिसर गार्डन, रायपुर में बच्चों के लिए चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किया। इस स्पर्धा का शीर्षक था अपना रायपुर, स्वच्छ रायपुर जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर शकुंतला फाउंडेशन के अध्यक्ष स्मिता सिंह ने कहा, हमारा उद्देश्य बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना और उनकी कलात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देना है।

स्पर्धा में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया निर्णायक विवेक सोलंकी रहे। इस अवसर पर प्रसिद्ध दंत चिकित्सक श्रद्धा निर्मलकर जी ने बच्चों और बड़ों के दांतों का चेकअप किया और देखभाल के बारे में जानकारी दी।

मुख्य अतिथि प्रीति रानी तिवारी व्याख्याता, समाजसेवी पीयूष जैन रहे। इस आयोजन में शकुंतला फाउंडेशन के अध्यक्ष स्मिता सिंह, सुषमा बग्गा, पदमा घोष, कृष्णा, प्रवीण जैन, सिमरन, चंदन दासवानी आदि उपस्थित रहे। बाल कलाकारों में प्रतिभा जगत, आर्यन पांडे, रीवा जैन ,आदि की चित्रकारी प्रशंसनीय रही।

# सिमगा गीता पब्लिक स्कूल वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी एक से एक मोहक प्रस्तुति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा 16 जनवरी।** गीता पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिवरतन शर्मा एवं सुशील शर्माशामिल हुए। उनके साथ ही क्षेत्र के कई अन्य प्रतिष्ठित स्कूलों के संचालक और शिक्षाविद् भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत फैंसी ड्रेस और स्वागत नृत्य ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं, वहीं वरिष्ठ छात्रों ने 'महिला सशक्तिकरण' और 'पर्यावरण संरक्षण' जैसे सामाजिक विषयों पर आधारित नाटकों के माध्यम से सार्थक संदेश दिया। मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा– ÷जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास ही आपको शिखर तक पहुँचा सकता है। गीता पब्लिक स्कूल जिस तरह से बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखार रहा है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों के महत्व पर भी बल दिया। मुख्य अतिथि डॉ. सुशील शर्मा ने स्वास्थ्य और शिक्षा के अंतर्संबंध पर बात करते हुए कहा– एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने खेलकूद और खान-पान पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। आप ही देश के भविष्य हैं, और आपकी ऊर्जा ही राष्ट्र निर्माण में काम आएगी। चेयरमैन अत्री शर्मा ने अभिभावकों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा– हमारा लक्ष्य बच्चों को केवल परीक्षा के लिए तैयार करना नहीं, बल्कि उन्हें जीवन की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाना है। स्कूल का हर प्रयास छात्र के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पित है। प्राचार्य सौरभ दुबे ने स्कूल की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पेश की और कहा– आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में कौशल का होना बहुत जरूरी है। हम स्कूल में एक ऐसा वातावरण तैयार कर रहे हैं जहाँ बच्चा सवाल पूछने और नया सीखने के लिए स्वतंत्र महसूस करे। समारोह में विद्यार्थियों के लोक नृत्य, देशभक्ति से ओत-प्रोत नाटक और कई शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देख इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्र के अनेक स्कूलों के संचालक भी आनंदित हो बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का समापन शिक्षा के क्षेत्र में , खेल कूद के क्षेत्र के मेघावी छात्रों के सम्मान तथा क्षेत्र के गौ सेवकों के सम्मान के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन दिनेश उपाध्याय एवं स्कूल की छात्रा लिपिका देवांगन,नेहा साहू,अवनी शर्मा द्वारा किया गया।

## विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन कर धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 16 जनवरी।** धर्मनगरी डोंगरगढ़ में लोहड़ी पर्व के शुभ अवसर पर सिक्ख समाज की महिलाओं के द्वारा विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगियों का आयोजन कर धूमधाम से लोहड़ी पर्व मनाया गया। डोंगरगढ़ सिक्ख समाज की स्त्री सत्संग द्वारा सिक्ख महिलाओं की एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना एवं सामाजिक एकता को मजबूत करना रहा। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में सिक्ख समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान समाज की महिलाओं के दो आयु वर्ग में बलून गेम , म्यूज़िकल चेयर, स्पून रेस, डिस्पोजल गिलास दौड़ , कलर गेसिंग गेम सहित कई मनोरंजक एवं पारंपरिक खेल आयोजित किए गए। सभी महिला प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ खेलों में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विजेता एवम उपविजेता महिलाओं को जोड़ मेला सिक्ख युथ वेलफेयर सोसाइटी डोंगरगढ़ की ओर से प्रथम एवं द्वितीय शील्ड देकर सम्मानित किया गया। आयोजनकर्ताओं में से परमजीत कौर भाटिया, प्रभजोत कौर कक्कड़, चिको भाटिया एवम रजनी भाटिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ता है तथा समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। उपस्थित सभी महिलाओं ने इस आयोजन की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा जताई।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सहसपुर लोहारा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**अ/2, वर्ष 2024-25**
**ई कोर्ट नम्बर 202601083300005**
**स.लोहारा, दिनांक 02/01/2026**
**क्रमांक/2178 / अ.वि.अ./प्रवा./ 2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासीगण भैसबोड़ को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रामकृष्ण साहू पिता गोपाल साहू, निवास का पता :- ग्राम बबई, तहसील सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम-भैसबोड़ प.ह.नं.-20, राजस्व निरीक्षक मण्डल बीरेन्द्रनगर, तहसील-सहसपुर लोहारा स्थित भूमि खसरा नंबर 230/3 रकबा 0.1620 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ (फ्लाई ऐश ब्रिक्स) व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ (फ्लाई ऐश ब्रिक्स) में व्यपवर्तन किये जाने से जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 16/01/2026 को समय 05:30 बजे तक स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात् के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।

**जारी दिनांक 02/01/2026**
**पेशी दिनांक 16/01/2026**

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सहसपुर लोहारा**




# शराब का जखीरा और 3.40 लाख नगद बरामद, 2 गिरफ्तार




**रायपुर 16 जनवरी।** राजधानी रायपुर में नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस ने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (स्स्क) डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान  निश्चय के तहत गंज थाना पुलिस ने अवैध शराब के बड़े कारोबार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गंजपारा भट्टी क्षेत्र में दबिश देकर भारी मात्रा में शराब और लाखों रुपये की नगदी जब्त की है।

थाना गंज की टीम जब गंजपारा भट्टी के पास चेकिंग कर रही थी, तब प्रभात टॉकीज के पीछे एक किराए के मकान के पास दो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को धर दबोचा। तलाशी लेने पर उनके पास सेः 238 पौवा देशी मसाला मदिरा (कुल 42.840 बल्क लीटर) व 3,40,220/- नगद राशि, 02 मोबाइल फोन और 01 एक्टिवा वाहन जब्त किया गया। जब्त की गई कुल संपत्ति की कीमत लगभग 4,28,020/- आंकी गई है।

पकड़े गए आरोपियों के नाम ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश साहू (29 वर्ष) और गोपाल दास मानिकपुरी (37 वर्ष) बताए गए हैं। पूछताछ में आरोपी शराब की बिक्री और बड़ी मात्रा में मिली नगदी के संबंध में कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। रायपुर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना गंज में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) और भारतीय न्याय संहिता  की धारा 112(2) (संगठित अपराध से संबंधित) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) तारकेश्वर पटेल ने कहा कि शहर में नशे और अवैध गतिविधियों के खिलाफ 'ऑपरेशन निश्चय' लगातार जारी रहेगा। शराब भट्टियों के आसपास और संवेदनशील इलाकों में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है ताकि संगठित अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

## छत्तीसगढ़ बना अपराध और नशाखोरी की राजधानीः बैज

**रायपुर 16 जनवरी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में रोज- रोज हो रही आपराधिक घटनाएं, हत्या, बलात्कार, चाकूबाजी की घटनाएं अब डराने लगी है। राज्य की राजधानी में औसतन रोज एक से दो हत्याएं हो रही है। प्रदेश का कोई शहर नहीं बचा है, जहां हत्या, बलात्कार, चाकूबाजी की घटनाएं रोज न हो रही हो। प्रदेश की कानून व्यवस्था खस्ताहाल हो चुकी है।  प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के 2 साल के कार्यकाल में प्रदेश में ड्रग्स, अफीम, गांजा, हीरोइन, नकली शराब, अवैध शराब बिना रोक-टोक के गली-गली में बिक रहा है, हर चौक चौराहा में नशीली वस्तु बेचने वालों का गैंग है, जिसके चलते प्रदेश में आपराधिक घटनाएं भी बड़ी है। प्रदेश में नशेड़ियों का जमवाड़ा हो गया है। सूर्यास्त होने के बाद जिस प्रकार से नशाखोरी हो रहा है, हर वर्ग नशा की ओर आकर्षित हो रहा है, इसकी जिम्मेदारी भाजपा सरकार की है।

# बंद होगा कुम्हारी टोल प्लाजा

**रायपुर 16 जनवरी।** राजधानी रायपुर की यातायात व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि जून 2026 से कुम्हारी टोल प्लाजा पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। इससे राजधानी सहित दुर्ग-भिलाई और आसपास के क्षेत्रों के लाखों नागरिकों को लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या से राहत मिलेगी।




गुरुवार को एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, स्टेट हाईवे और राष्ट्रीय राजमार्ग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद सांसद अग्रवाल ने यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि दुर्ग-आरंग बायपास के प्रारंभ होते ही टोल प्लाजा बंद कर दिया जाएगा। साथ ही मार्च 2026 के बाद किसी नए टेंडर को मंजूरी नहीं देने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि अक्टूबर 2026 से भारतमाला एक्सप्रेस-वे के शुभारंभ के साथ रायपुर को आधुनिक एक्सप्रेस-वे कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे यातायात सुगम होने के साथ-साथ औद्योगिक और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।सांसद अग्रवाल ने राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में चल रही व प्रस्तावित सड़क, ओवरब्रिज, अंडरपास और एलिवेटेड रोड परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए समयबद्ध कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। कचना ओवरब्रिज को मार्च 2026 तक पूर्ण करने, तेलीबांधा-जोरा ओवरब्रिज को वीआईपी रोड से जोड़ने, भनपुरी से जोरा तक एलिवेटेड रोड का प्रस्ताव तैयार करने तथा रायपुर-बलौदाबाजार-सारंगढ़ मार्ग के उन्नयन पर भी चर्चा हुई।

# विप्र कॉलेज में सामूहिक वंदे मातरम् गान



**रायपुर 16 जनवरी।** वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ पर आयोजित सामूहिक वंदे मातरम् गान में समस्त प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां  सरस्वती,एवं मां भारती की पूजा एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके ऊपर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने वंदे मातरम् गीत का महत्व बताते हुए कहा कि वंदे मातरम् भारत मां की वंदना है। आजादी की लड़ाई में क्रांतिकारियों के लिए वंदे मातरम् गीत नया जज्बा पैदा करता था। आज भी विद्यार्थी वंदे मातरम का गान करके मां भारती की वंदना करते हैं तो भारत माता के प्रति एक श्रद्धा और भक्ति का माहौल बनता है । यह भाव भविष्य में प्रत्येक विद्यार्थी को आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरक तत्व का काम करता है। इसके बाद  बी एड के छात्र  द्वारा वंदे मातरम् संदेश का वाचन किया गया ।डॉ. विवेक शर्मा ने वंदे मातरम् गीत की रचना और स्वतंत्रता संग्राम पर उसके प्रभाव से विद्यार्थियों को अवगत कराया ।इसके उपरांत निर्धारित समय मध्यान्ह 12.55 बजे सामूहिक वंदे मातरम् गान किया गया। कार्यक्रम का संचालन रसिका मालवीय ने किया । अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. आराधना शुक्ला द्वारा किया गया।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26